# राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति

(जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन)

# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2022-23














राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
(एनईएसटीएस)

# वार्षिक प्रतिवेदन
# 2022-23

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
जीवन तारा बिल्डिंग, नई दिल्ली

# विषय–सूची


| अध्याय | अध्याय का नाम | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| अध्याय 1 | प्रस्तावना | 1-11 |
| अध्याय 2 | प्रशासन एवं मानव संसाधन | 12-15 |
| अध्याय 3 | शैक्षणिक परिदृश्य | 16-45 |
| अध्याय 4 | ईएमआरएस–प्रबंधन सूचना प्रणाली | 46-51 |
| अध्याय 5 | भवन निर्माण | 52-68 |
| अध्याय 6 | वित्त | 69-94 |
| | अनुलग्नक | 95 |
| | शब्दावली | 96 |

# अध्याय 1

## प्रस्तावना

सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त समतावादी सामाजिक व्यवस्था को स्थापित करना संविधान में प्रतिस्थापित एक अभिलषित लक्ष्य रहा है। इसलिए समाज के वंचित वर्गों, विशेष रूप से सरल जनजातीय लोगों को समाज के शेष वर्गों की बराबरी में यथाशीघ्र आने हेतु, उन्हें सक्षम बनाने के लिए विशेष व्यवस्था प्रदान की गई है। तदनुसार, संविधान ने जनजातीय लोगों की सुरक्षा और उन्नति के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान किया है। सामान्य तौर पर समाज के वंचित वर्गों के लिए भारत के संविधान में रखे गए सुरक्षात्मक व्यवस्था के अतिरिक्त आदिवासियों के हितों की रक्षा करने के लिए सरकारी योजनाओं के माध्यम से कई प्रावधान विशेष रूप से प्रदान किए गए हैं। भारतीय समाज के अति पिछड़े वर्गों के लिए समन्वित और योजनाबद्ध तरीके से एकीकृत सामाजिक–आर्थिक विकास पर अधिक केन्द्रित दृष्टिकोण प्रदान करने हेतु वर्ष 1999 में जनजातीय कार्य मंत्रालय की स्थापना की गई थी।

---

"साक्षरता स्वयं में कोई शिक्षा नहीं है। साक्षरता न तो शिक्षा का अंत है ना ही प्रारम्भ है। शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक और मनुष्य के शरीर, मन तथा आत्मा का सर्वागीण एवं सर्वोत्कृष्ट विकास है।"

**महात्मा गांधी**
**(राष्ट्रपिता)**

---

अपनी स्थापना के उपरांत, जनजातीय कार्य मंत्रालय देश भर में आदिवासियों के समग्र उत्थान हेतु विभिन्न पहल करता रहा है। इनमें से अनुसूचित जनजाति के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर मंत्रालय का ध्यान प्रमुख रूप से केन्द्रित रहा है, क्योंकि शैक्षिक विकास से ही आर्थिक और सामाजिक विकास संभव हो पाता है। समग्र सशक्तिकरण के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी साधन है।

### (क) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के बारें में

सुदूर क्षेत्रों में बसे अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए वर्ष 1997–98 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की शुरुआत की गई, ताकि वे उच्च एवं व्यावसायिक शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने और तदुपरांत रोजगार प्राप्त करने में सक्षम हो सकें। ईएमआरएस केवल शैक्षणिक पाठ्यक्रम पर ही नहीं बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान देते हैं। प्रत्येक विद्यालय में 480 छात्रों की क्षमता है, जो कक्षा छठी से बारहवीं तक की शिक्षा प्रदान करते हैं। अब तक संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत अनुदान के अधीन राज्य सरकारों को स्कूलों के निर्माण और आवर्ती व्यय के लिए अनुदान दिये जाते थे। अब 'ईएमआरएस' केंद्रीय क्षेत्र की एक पृथक योजना है।

जनजातीय शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु, यह निर्णय लिया गया था कि 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और न्यूनतम 20,000 जनजातीय व्यक्तियों (2011, जनगणना आंकड़ों के अनुसार) वाले प्रत्येक विकास खण्ड/उप–जिला में एक ईएमआरएस होगा। एकलव्य विद्यालय, नवोदय विद्यालय के समकक्ष होंगे और इनमें खेल–कूद और कौशल विकास का प्रशिक्षण देने के अलावा स्थानीय कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए विशेष सुविधाएं होंगी। देश भर में उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करने वाले विकास खण्डों में 452 नये ईएमआरएस का निर्माण प्रस्तावित है।

यह भी उल्लेखनीय है कि चिन्हित उप–जिलों/विकास खण्डो में जहां अनुसूचित जनजाति की आबादी का घनत्व 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक है, वहां आवासीय सुविधा के बिना स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रायोगिक आधार पर एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल (ईएमडीबीएस) स्थापित करना प्रस्तावित है।

प्रत्येक राज्य में एक चिन्हित व्यक्तिगत खेल और एक सामूहिक खेल के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना प्रस्तावित है। खेलों के लिए इन उत्कृष्टता केंद्रों में भारतीय खेल प्राधिकरण के मानदंडों के अनुसार अत्याधुनिक सुविधाएं, उपकरण और वैज्ञानिक रूप से समर्थित विशेष प्रशिक्षण उपलब्ध होंगे।

## (ख) विद्यालयों में सुविधाएं

विद्यालयों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के प्रासंगिक प्रावधानों और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) और शिक्षा मंत्रालय द्वारा निर्धारित अन्य मानदंडों को पूर्ण करना होगा। विद्यालयों में निम्नानुसार न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित की जाएँगी :

1. अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा (स्कूल, प्रयोगशाला, छात्रावास, खेल सुविधा, कर्मचारी आवास इत्यादि)
2. अध्ययन सामग्री और गणवेश (पहाड़ी क्षेत्रों की जलवायु के लिए अनुकूल कपड़ो सहित)
3. प्रतियोगी प्रवेश परीक्षाओं के लिए तैयारी की सुविधाएं ।
4. कमजोर छात्रों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं।
5. कौशल विकास मंत्रालय के सहयोग से उपयुक्त कौशल प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम तैयार करना।
6. चिकित्सा सुविधाएं जिनमे टेलीमेडिसिन और निकटवर्ती प्रमुख अस्पतालों के साथ टाई–अप करना सम्मिलित होगा।
7. जनजातीय बच्चों की नैदानिक और उपचारात्मक चिकित्सा आवश्यकताओं के लिए सुविधाएं(जैसे सिकल सेल एनीमिया, तपेदिक, मलेरिया आदि) जहां तक संभव हो सुनिश्चित किया जाएगा।
8. विद्यार्थियों की विशेष पोषण की आवश्यकता और मासिक धर्म स्वच्छता के लिए प्रावधान (सैनिटरी पैड, कचरा भट्टी, आदि)।
9. पर्याप्त पेयजल और स्वच्छता सुविधाओं का प्रावधान।
10. स्काउट, गाइड, एनसीसी, स्कूल बैंड और संबंधित गतिविधियां।
11. नृत्य, संगीत, चित्रकला, ट्रेकिंग, भ्रमण/प्रदर्शनी दौरा, अध्ययन यात्राएं जैसी पाठ्येतर गतिविधियां भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगी।
12. शैक्षणिक, खेल और सह–पाठ्यक्रम सहित विभिन्न क्षेत्रों में विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी।
13. रिपोर्टिंग/निगरानी के लिए मोबाइल ऐप और सुदृढ़ एमआईएस।
14. विनिमय कार्यक्रमों (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) में भागीदारी।
15. प्रौद्योगिकी सक्षम शिक्षण उपकरणों का उपयोग।

जहां तक संभव हो विद्यालय में सुविधाएं जवाहर नवोदय विद्यालयों के समकक्ष होंगी।

## (ग) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में प्रवेश नीति

क. पूरे देश में ईएमआरएस में प्रवेश प्रक्रिया में एकरूपता बनाए रखने के लिए राज्यों को दिशानिर्देश प्रदान किए गए हैं। यह प्रवेश दिशानिर्देश शैक्षणिक वर्ष 2023—24 से प्रभावी होंगे।

ख. लड़के और लडकियों के लिए सीटों की संख्या बराबर होगी।

ग. एक विद्यालय में विद्यार्थियों की अधिकतम स्वीकृत संख्या 480 होगी।

घ. उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर, यानी कक्षा VI से X तक, प्रत्येक कक्षा में 30—30 विद्यार्थियों के 2 अनुभागों में अधिकतम 60 विद्यार्थी होंगे।

ड. वरिष्ठ माध्यमिक स्तर (कक्षा XI और XII) पर, विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में तीन धाराओं के लिए प्रति कक्षा तीन अनुभाग होंगे । प्रत्येक अनुभाग की अधिकतम स्वीकृत संख्या 30 विद्यार्थी होगी।

च. पीवीटीजी और एसएनटी/डीएनटी/एनटी, प्रत्येक के लिए 5% सीटें आरक्षित हैं।

छ. ईएमआरएस की 10% सीटें गैर—एसटी उम्मीदवारों द्वारा भरी जा सकती हैं (कुल संख्या 480 से अधिक नहीं होगी)। उन बच्चों को प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद और विद्रोह के कारण अपने माता—पिता को खो दिया है, विधवाओं के बच्चे, दिव्यांग माता—पिता के बच्चे आदि।

ज. जिस विकास खण्ड में ईएमआरएस स्थित है, उसी विकास खण्ड में काम करने वाले ईएमआरएस स्टाफ, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ के बच्चों को 480 छात्रों की स्वीकृत क्षमता से अधिक प्रवेश दिया जाएगा। हालाँकि, इन बच्चों को ईएमआरएस योजना का हिस्सा नहीं माना जाएगा।

## (घ) ईएमआरएस की निगरानी के लिए हितधारक

- **केन्द्र स्तर**

जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन एनईएसटीएस की स्थापना एक स्वायत्त संगठन के रूप में विद्यालयों की स्थापना, बंदोबस्त, रखरखाव, नियंत्रण और प्रबंधन करने और आवश्यकता होने पर, राज्य के आरक्षण रोस्टर को विधिवत सुनिश्चित करते हुए एक स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से शिक्षकों की भर्ती करने के उद्देश्य से की गई है।

- **राज्य स्तर**

राज्य सरकारें खेल और संबंधित बुनियादी ढाँचा के लिए ईएमआरएस/ईएमडीबीएस/क्रीड़ा उत्कृष्टता केंद्र के विकास और विस्तार के लिए निःशुल्क भूमि प्रदान करती है। राज्य सरकारों के लिए आवश्यक है कि वे आवश्यक एहतियाती उपाय करके स्कूल, बच्चों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और किसी भी कानून—व्यवस्था की स्थिति का समाधान करें जो विद्यालय, छात्रों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

राज्य स्तर पर, राज्य विशेष में स्वीकृत/स्थापित विद्यालयों के प्रबंधन के लिए निर्धारित मानदंडों और दिशानिर्देशों के अनुसार विशेष रूप से राज्य ईएमआरएस समिति (यदि स्थापित नहीं है तो) स्थापित की जायेगी। ये राज्य समितियां ईएमआरएस प्रशासन और उसके कर्मचारियों और उन्हें सौंपे गए अन्य उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए जिम्मेदार होगी।

• **जिला स्तर**

विद्यालयों के कामकाज की निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति (डी.एल.सी.) का गठन किया जाना है। डीएलसी के अध्यक्ष जिला कलेक्टर होंगे, एवं स्थानीय शिक्षाविद, आदिवासी प्रतिनिधि और जिला स्तर के अधिकारीगण सदस्य के रूप में शामिल होंगे जो स्कूलों के प्रभावी संचालन में पर्यवेक्षण और आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे।

## (ड) राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) के संबंध में

जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन के रूप में आदिवासी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) की स्थापना की गई है जो स्कूलों की स्थापना, बंदोबस्त, रखरखाव, नियंत्रण और प्रबंधन करती है।

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) के लक्ष्य और उद्देश्यः

- एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), एकलव्य मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल (ईएमडीबीएस) और खेल के लिए उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना, बन्दोबस्त, रखरखाव, नियंत्रण और प्रबंधन करना और स्कूलों के संवर्धन के लिए सहायता अथवा सभी आवश्यक कार्य और चीजों को करना जिनके निम्नलिखित उद्देश्य होंगेः

1. ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली आदिवासी बच्चों, चाहे उनकी सामाजिक आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना जिनमें जीवन के मूल्यों की सीख, पर्यावरण, साहसिक एवं शारीरिक शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करना आदि शामिल होंगे।
2. पूरे देश में एक समान माध्यम से निर्देश के लिए उपयुक्त स्तर पर सुविधाएं प्रदान करना।
3. आदिवासी लोगों की सामान्य और समग्र विरासत को सुविधाजनक बनाने और समझने तथा मानकों में तुलनीयता सुनिश्चित करने के लिए एक सरल पाठ्यक्रम प्रदान करना।
4. राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने और सामाजिक समरसता को समृद्ध करने के लिए प्रत्येक स्कूल में देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में विद्यार्थियों का आदान–प्रदान करना।
5. वास्तविक परिस्थितियों में शिक्षकों के प्रशिक्षण और अनुभव एक दूसरे के साथ साझा करके स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र बिंदु के रूप में कार्य करना ।
6. खेलों में उत्कृष्टता केंद्रों के समक्ष पाठ्येतर गतिविधियों के लिए विद्यार्थियों को अवसर प्रदान करना।
7. राष्ट्रीय संस्कृति में गौरव पैदा करने के लिए आदिवासी विरासत, संस्कृति, संगीत, नृत्य एवं अन्य कलाओं को संरक्षित एवं संजोए रखना।
8. विद्यार्थियों को विशेष रूप से स्व–रोजगार सहित रोजगार के लिए उन्मुख कौशल हासिल करने में मदद करना।
9. विद्यार्थियों को सर्वोत्तम शैक्षणिक परिणाम, खेल में उत्कृष्टता और पाठ्येतर गतिविधियों को प्राप्त करने के लिए सुविधा और प्रेरित करना।

## (च) एनईएसटीएस की शासी निकाय संरचना

**पुनर्गठित शासी निकाय में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे :**

1. माननीय मंत्री, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय – अध्यक्ष
2. माननीय राज्य मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय – सदस्य
3. सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
4. संयुक्त सचिव (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
5. वित्तीय सलाहकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
6. उप महानिदेशक, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
7. अध्यक्ष, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सदस्य
8. निदेशक, राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)–सदस्य
9. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण–सदस्य
10. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस)–सदस्य
11. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय समिति (केवीएस)–सदस्य
12. सीईओ, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी)–सदस्य
13. अनुसूची V के अंतर्गत राज्यों से एक प्रमुख सचिव/सचिव (आदिवासी विकास/कल्याण)–सदस्य
14. अनुसूची VI के अंतर्गत राज्यों से एक प्रमुख सचिव/सचिव (आदिवासी विकास/कल्याण)–सदस्य
15. निदेशक (सामान्य प्रशासन), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
16. निदेशक (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
17. आयुक्त, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति–सदस्य एवं संयोजक
18. एन.ई.एस.टी.एस. के अपर आयुक्त – पदेन सचिव–सदस्य

- एनईएसटीएस की वार्षिक रिपोर्ट (वार्षिक लेखा रिपोर्ट सहित) पर विचार करने हेतु अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्धारित समय, तिथि और स्थान पर शासी निकाय की वार्षिक सामान्य बैठक वर्ष में एक बार आयोजित होनी चाहिए।
- अध्यक्ष द्वारा जब भी आवश्यक हो, विशेष बैठक आयोजित की जा सकती है।
- शासी निकाय की प्रत्येक बैठक में गणपूर्ती हेतु न्यूनतम एक तिहाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

**शासी निकाय के कार्यः**

1. शासी निकाय सुनिश्चित करेगी कि एनईएसटीएस एसोसिएशन के ज्ञापन में उल्लिखित उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु कार्य कर रहा है।

2. शासी निकाय सोसायटी/एनईएसटीएस की निधियों की निगरानी करेगी और वार्षिक लेखों की जांच करने और अनुमोदित करने हेतु प्राधिकृत होगी।
3. शासी निकाय एनईएसटीएस के कार्यो एवं प्रबंधन के लिए आवश्यकता अनुसार नीतियों, नियमों और विनियमों को निर्धारित करेगी।
4. शासी निकाय आवश्यकता अनुसार एनईएसटीएस के संरचना में परिवर्तन करने के लिए प्राधिकृत होगी।

## (छ) ईएमआरएस के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति

**ईएमआरएस के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे:**

1. माननीय मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय–अध्यक्ष
2. सचिव, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
3. संयुक्त सचिव (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
4. वित्तीय सलाहकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
5. अध्यक्ष, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सदस्य
6. निदेशक, राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)–सदस्य
7. महानिदेशक, भारतीय खेल प्राधिकरण–सदस्य
8. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति–सदस्य
9. सीईओ, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी)–सदस्य
10. अनुसूची V के अंतर्गत राज्यों से एक प्रमुख सचिव/सचिव (आदिवासी विकास/कल्याण)–सदस्य
11. अनुसूची VI के अंतर्गत राज्यों से एक प्रमुख सचिव/सचिव (आदिवासी विकास/कल्याण)–सदस्य
12. आयुक्त, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति–सदस्य एवं संयोजक

अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से अन्य सदस्यों को शामिल किया जा सकता है।

- ईएमआरएस के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक एक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक दो छमाही में एक–एक अर्थात प्रथम अप्रैल से सितंबर और दूसरा अक्टूबर से मार्च में आयोजित होंगी।
- अध्यक्ष द्वारा जब भी आवश्यक हो, विशेष बैठक बुलाई जा सकती है।
- अध्यक्ष और राष्ट्रीय संचालन समिति के पांच सदस्यों की उपस्थिति गणपूर्ती हेतु आवश्यक है।

**राष्ट्रीय संचालन समिति के कार्य :**

1. शासी निकाय की 3 समितियां – कार्यकारी समिति, वित्त समिति और शैक्षणिक समिति की निगरानी और मार्गदर्शन करना ।
2. ईएमआरएस की स्वीकृति एवं निर्माण की प्रगति की समीक्षा करना । स्वीकृत ईएमआरएस में पठन–पाठन कार्य की शुरुआत की प्रगति की समीक्षा।

3. ईएमआरएस, ईएमडीबीएस और सेंटर ऑफ एक्सलेन्स की स्थापना और प्रबंधन के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए विस्तृत नीतियां एवं दिशानिर्देश बनाना
4. ईएमआरएस, ईएमडीबीएस और सीओई (क्रीड़ा) के प्रबंधन के संबंध में राज्य/संघ शासित प्रदेशों हेतु दिशानिर्देश बनाना।
5. खेलों के लिए ईएमआरएस, ईएमडीबीएस और सीओई के प्रबंधन के संबंध में राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ईएमआरएस समिति के लिए दिशानिर्देश तैयार करना।

## (ज) एनईएसटीएस की शासी निकाय के अंतर्गत कार्यकारी समिति

**कार्यकारी समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :**

1. आयुक्त, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति(एनईएसटीएस)– अध्यक्ष
2. संयुक्त सचिव (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
3. वित्तीय सलाहकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस)–सदस्य
5. निदेशक/प्रतिनिधि, भारतीय खेल प्राधिकरण–सदस्य
6. राज्य/संघ शासित प्रदेश सरकार से जनजातीय कल्याण विभाग के एक प्रधान सचिव/सचिव–सदस्य
7. निदेशक (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
8. अपर आयुक्त, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)–सदस्य एवं संयोजक

अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से अन्य सदस्यों को शामिल कर सकते है।

- प्रत्येक तिमाही में कार्यकारी समिति की कम से कम एक बैठक आयोजित होगी।
- अध्यक्ष द्वारा जब भी आवश्यक हो, विशेष बैठक बुलाई जा सकती है।
- अध्यक्ष और तीन सदस्यों की उपस्थिति से गणपूर्ति पूर्ण होगी।

**कार्यकारी समिति के कार्य :**

1. ईएमआरएस, ईएमडीबीएस और सेंटर ऑफ एक्सिलेन्स की स्थापना और निर्माण की समीक्षा करना।
2. स्कूलों, छात्रावास और अन्य संबंधित क्रियाकलापों का रख–रखाव और प्रबंधन के लिए राज्य/संघ शासित प्रदेश, ईएमआरएस समिति को आवश्यक सहयोग करना।
3. प्राधिकृत संगठन द्वारा ईएमआरएस और ईएमडीबीएस का आवधिक बाह्य मूल्यांकन करवाना ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उद्देश्यों को कहां तक पूरा किया जा रहा है एवं इस हेतु उपयुक्त दिशानिर्देश जारी करना।
4. सर्वोत्तम शैक्षणिक मानकों के अनुसार ईएमआरएस विद्यालयों में कार्यों की समीक्षा करना।
5. पारदर्शी चयन प्रक्रिया से शिक्षकों की नियुक्ति और विधार्थियों के दाखिला की समीक्षा और निगरानी करना।

6. राज्य/संघ शासित प्रदेश सरकार/ईएमआरएस सोसायटी से संबंधित स्कूलों में पर्याप्त बुनियादी ढाँचा का प्रावधान/उपलब्धता और उनका रख–रखाव की समीक्षा और निगरानी करना।
7. राज्य/संघ शासित प्रदेश ईएमआरएस समितियों द्वारा अधिसूचित भर्ती नियमों के अनुसार भर्ती और सेवा शर्तों की निगरानी करना और ईएमआरएस में शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा करना और चुनौती से निपटने के लिए उपयुक्त उपाय सुझाना।
8. स्कूलों की क्षमता का इष्टतम उपयोग की समीक्षा करना।
9. जनजातीय कार्य मंत्रालय के दिशानिर्देश के अनुसार राज्य/राज्य ईएमआरएरस समितियों को सौपें गए भवनों के नवीकरण/उन्नयन करने के साथ–साथ नए भवनों के निर्माण की समीक्षा करना ।
10. समिति/एनईएसटीएस के लक्ष्य और उद्देश्य की ओर बढ़ने के लिए एमओयू, करार और अन्य समानुरूप प्रबंधन की समीक्षा करना।
11. समिति/एनईएसटीएस के सभी अथवा कोई भी लक्ष्य और उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए आवश्यक, आकस्मिक अथवा अनुकूल समझे जाने वाले ऐसे सभी कार्यों को करना।

## (झ) एनईएसटीएस की वित्त समिति

वित्त समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

1. संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय–अध्यक्ष
2. आयुक्त, एनईएसटीएस–सदस्य
3. संयुक्त सचिव (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
4. एक प्रधान सचिव/सचिव, राज्य सरकार–सदस्य
5. प्रधान वित्त/लेख अधिकारी/उपायुक्त (वित्त), एनईएसटीएस
6. प्रधान लेखा नियंत्रक, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
7. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति–सदस्य
8. निदेशक, आईएफडी, जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य

   उपायुक्त, एनईएसटीएस–सदस्य एवं संयोजक

- अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से अन्य सदस्यों को शामिल किया जा सकता है।
- प्रत्येक तिमाही में वित्त समिति की न्यूनतम एक बैठक अनिवार्य होगी।
- अध्यक्ष द्वारा जब भी आवश्यक हो, विशेष बैठक बुलाई जा सकती है।
- अध्यक्ष और तीन सदस्यों की उपस्थिति से गणपूर्ति पूर्ण होगी।

**वित्त समिति के कार्य:**

1. एनईएसटीएस के बैलेन्स शीट सहित वार्षिक लेखा विवरण की जांच कर भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में शासी निकाय के अनुमोदन हेतु अनुशंसा सहित प्रस्तुत करना।

2. सोसायटी के लेखा और बजट अनुमान का परीक्षण कर अपनी टिप्पणी सहित संचालन समिति/शासी निकाय को प्रस्तुत करना।
3. राज्य/संघ शासित प्रदेश ईएमआरएस सोसायटियों को उपयुक्त बजट आवंटन और बजट प्रदान सुनिश्चित करना ।
4. स्कूलों के रखरखाव और प्रभावी संचालन के लिए राज्य/संघ शासित प्रदेश ईएमआरएस समितियों/जिला स्तरीय निगरानी समितियों/प्रधानाचार्यों को वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन के बारे में संचालन समिति को सिफारिश करना।
5. यह सुनिश्चित करना कि निर्धारित मानदंडों के अनुसार एनईएसटीएस के लेखाओं की वार्षिक लेखा परीक्षा की जाती है।
6. समय–समय पर एनईएसटीएस के वित्त की समीक्षा करना और यह सुनिश्चित करना कि एनईएसटीएस को जारी अनुदान का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है;
7. किसी अन्य महत्वपूर्ण वित्तीय/बजट मामलों पर संचालन समिति/शासी निकाय को परामर्श देना और अनुशंसा करना।

## (ञ) एनईएसटीएस की शैक्षणिक समिति

शैक्षणिक समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

1. आयुक्त, एनईएसटीएस – अध्यक्ष
2. संयुक्त सचिव (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय–सदस्य
3. एक प्रधान सचिव, राज्य सरकार–सदस्य
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति–सदस्य
5. निदेशक, एनसीईआरटी का प्रतिनिधि–सदस्य
6. अध्यक्ष, सीबीएसई का प्रतिनिधि–सदस्य
7. भारतीय खेल प्राधिकरण का प्रतिनिधि–सदस्य
8. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से प्रतिनिधि–सदस्य
9. उपायुक्त, (शैक्षणिक) एनईएसटीएस, –सदस्य
10. ईएमआरएस के एक प्रिंसिपल–सदस्य
11. ईएमआरएस के एक शिक्षक (राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षक को प्राथमिकता)–सदस्य

अध्यक्ष महोदय के अनुमोदन से अन्य सदस्यों को शामिल किया जा सकता है।

- शैक्षणिक समिति प्रत्येक छमाही में एक बैठक का आयोजन करेगी।
- अध्यक्ष द्वारा जब भी आवश्यक हो, विशेष बैठक बुलाई जा सकती है।
- अध्यक्ष और चार सदस्यों की उपस्थिति से गणपूर्ति पूर्ण होगी।

**शैक्षणिक समिति के कार्यः–**

1. ईएमआरएस और ईएमडीबीएस के पाठ्यक्रम, शिक्षा का माध्यम, विद्यार्थियों का प्रवेश और अन्य कार्यक्रमों के संबंध में मानदंड तैयार करना और ईएमआरएस में शैक्षणिक और पाठ्येतर कार्यक्रमों के लागू करने के संबंध में एनईएसटीएस को परामर्श देना।
2. शैक्षणिक, पाठ्येत्तर कार्यकलापों, खेलों इत्यादि में बेहतर कार्यप्रणालियों को अपनाने हेतु राज्य/संघ शासित प्रदेश ईएमआरएस समितियों को प्रोत्साहित करना, इन कार्यक्रमों की आवधिक समीक्षा करना और सुधारात्मक उपायों के संबंध में परामर्श देना।
3. ईएमआरएस में प्रवेश के लिए एकरूप दिशानिर्देश बनाना और राज्य/संघ शासित प्रदेश ईएमआरएस समितियों द्वारा अंगीकार कराना।
4. ईएमआरएस विद्यार्थियों के लिए खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिता को आयोजित करने के लिए दिशानिर्देश और रूपरेखा तैयार करना।
5. शिक्षा में मूल्य वर्धन और प्रयोग के माध्यम से मॉडल स्कूलों का निर्माण करने के लिए प्रख्यात राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं जैसे सीबीएसई, एनसीईआरटी, एआईसीटीई, डीओएसईएंडएल, एमओई इत्यादि के विशेषज्ञों के साथ मिलकर ईएमआरएस विद्यालयों को आदर्श विद्यालयों के रूप मे विकसित करना।
6. एनईएसटीएस के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षकों और कर्मचारियों के प्रशिक्षण हेतु योजना बनाना, शिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु सुझाव प्रदान करना ।
7. ईएमआरएस/ईएमडीबीएस/सीओई में शैक्षणिक और पाठ्येत्तर सुधार के लिए नीतियाँ और कार्य योजना तैयार करना ।

## (ठ) राज्य/केंद्रशासित प्रदेश–वार क्रियाशील ईएमआरएस

| राज्य | क्रियाशील ईएमआरएस की संख्या |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 28 |
| अरुणाचल प्रदेश | 3 |
| असम | 1 |
| बिहार | 0 |
| छत्तीसगढ | 73 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 1 |
| गुजरात | 34 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 4 |
| हिमाचल प्रदेश | 6 |
| झारखंड | 7 |
| कर्नाटक | 12 |
| केरल | 4 |
| लद्दाख | 0 |
| मध्य प्रदेश | 63 |
| महाराष्ट्र | 37 |
| मणिपुर | 3 |
| मेघालय | 0 |
| मिजोरम | 6 |
| नागालैंड | 3 |
| ओडिशा | 32 |
| राजस्थान | 30 |
| सिक्किम | 4 |
| तमिलनाडु | 8 |
| तेलंगाना | 23 |
| त्रिपुरा | 6 |
| उत्तर प्रदेश | 2 |
| उत्तराखंड | 4 |
| पश्चिम बंगाल | 7 |
| **कुल योग** | **401** |

# अध्याय 2

## प्रशासन और मानव संसाधन

### 1. ईएमआरएस के लिए पदों का सृजनः

- वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने देश भर में प्रति ईएमआरएस 52 शैक्षिक और गैर–शैक्षिक पदों को मंजूरी दी है। ऐसे 740 ईएमआरएस के लिए कुल 38,480 शैक्षिक और गैर–शैक्षिक पदों को स्वीकृत किया गया है। इन 52 शैक्षिक और गैर–शैक्षिक पदों का विवरण नीचे दिया गया हैः

| क्रम संख्या | पदों का नाम | पदों की संख्या | वेतन स्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | प्राचार्य | 1 | वेतन स्तर 12 |
| 2 | उपप्राचार्य | 1 | वेतन स्तर 10 |
| 3 | स्नातकोत्तर शिक्षक | 12 | वेतन स्तर 8 |
| 4 | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक | 12 | वेतन स्तर 7 |
| 5 | पुस्तकालय अध्यक्ष | 1 | वेतन स्तर 7 |
| 6 | संगीत शिक्षक | 1 | वेतन स्तर 6 |
| 7 | कला शिक्षक | 1 | वेतन स्तर 6 |
| 8 | शारीरिक शिक्षा शिक्षक | 2 | वेतन स्तर 6 |
| 9 | छात्रावास अधीक्षक | 2 | वेतन स्तर 5 |
| 10 | स्टाफ नर्स | 1 | वेतन स्तर 5 |
| 11 | लेखापाल | 1 | वेतन स्तर 6 |
| 12 | खान–पान सहायक | 1 | वेतन स्तर 4 |
| 13 | वरिष्ठ सचिवालय सहायक | 1 | वेतन स्तर 4 |
| 14 | कनिष्ठ सचिवालय सहायक | 2 | वेतन स्तर 2 |
| 15 | रसोइया | 1 | वेतन स्तर 2 |
| 16 | चालक | 1 | वेतन स्तर 2 |
| 17 | इलेक्ट्रीशियन सह प्लम्बर | 1 | वेतन स्तर 2 |
| 18 | प्रयोगशाला सहायक | 1 | वेतन स्तर 1 |
| 19 | रसोई सहायक | 2 | वेतन स्तर 1 |
| 20 | चौकीदार | 2 | वेतन स्तर–1 |

| क्रम संख्या | पदों का नाम | पदों की संख्या | वेतन स्तर |
|---|---|---|---|
| 21 | काउंसलर | 1 | वेतन स्तर–6 |
| 22 | सफाई कर्मचारी | 3 | वेतन स्तर–1 |
| 23 | माली | 1 | वेतन स्तर–1 |
| | **कुल** | **52** | |

- उपरोक्त पद विद्यालयों की आवश्यकता और कार्मिक संरचना के अनुसार चरणबद्ध तरीके से भरे जाने हैं।
- भर्ती के पहले चरण के लिए, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ईएमआरएस समिति से रिक्तियां एकत्र की गई हैं। तदनुसार, भर्ती के पहले चरण के लिए प्रकाशित होने वाला आरक्षण रोस्टर और अधिसूचना तैयार की जा रही है और इसे मंजूरी के लिए एनईएसटीएस की शासी निकाय की अगली बैठक में रखा जाएगा।

**2. ईएमआरएस कार्मिक भर्ती नियमः**

- व्यय विभाग द्वारा स्वीकृत शैक्षिक और गैर–शैक्षिक पदों को भरने के लिए, नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) की तर्ज पर भर्ती नियम (आरआर) बनाए गए हैं और एनईएसटीएस की कार्यकारी समिति द्वारा अनुमोदित किए गए हैं। इसे मंजूरी के लिए एनईएसटीएस की शासी निकाय की अगली बैठक में रखा जाएगा।

**3. एनईएसटीएस के लिए छह (06) अस्थायी पदों की मंजूरीः**

- ईएमआरएस के लिए 38,480 पदों के अलावा, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय ने एनईएसटीएस के सिविल विंग को मजबूत करने के लिए 06 अस्थायी पदों को भी मंजूरी दी है। ये पद इस प्रकार हैं– कार्यकारी अभियंता (01), सहायक अभियंता (03) और कनिष्ठ अभियंता (02)। 06 पदों को भरने की स्थिति इस प्रकार हैः–

| क्रम सं. | पद का नाम | वेतन स्तर | अनुमोदित पदों की संख्या | पदस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिशाषी अभियंता | एल-11 | 01 | रिक्त। प्रतिनियुक्ति पर भरा जाना है। प्रतिनियुक्ति पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। |
| 2 | सहायक अभियंता | एल-6 | 03 | रिक्त। प्रतिनियुक्ति पर भरा जाना है। प्रतिनियुक्ति पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। |
| 3 | कनिष्ठ अभियंता | एल-5 | 02 | रिक्त। प्रतिनियुक्ति पर भरा जाना है। प्रतिनियुक्ति पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। |

**4. एनईएसटीएस में पदों को भरना:**

**(क) एनईएसटीएस के लिए वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा कुल 28 पदों को मंजूरी दी गई है।**

- 28 में से 7 पद प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे गए हैं। 3 अन्य पदों पर प्रतिनियुक्ति द्वारा भर्ती प्रक्रियाधीन है।
- 28 पदों में से सहायक आयुक्त के 3 पद, कार्यालय अधीक्षक के 2 पद, आशुलिपिक ग्रेड–I का 1 पद, कार्यालय सहायक के 4 पद, आशुलिपिक ग्रेड–II का 1 पद और एमटीएस के 4 पद नियमित आधार पर भरे गए हैं। वर्ष 2022–23 में 1 आशुलिपिक ग्रेड–II और 2 एमटीएस ने त्यागपत्र दे दिया है, जिससे ये तीन पद रिक्त हो गए हैं। अगली भर्ती प्रक्रिया में इन्हें भरा जाएगा।

**31 मार्च, 2023 तक एनईएसटीएस में कर्मचारियों की स्थिति**

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतन स्तर | अनुमोदित पदों की संख्या | पदस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आयुक्त | एल-14 | 01 | प्रतिनियुक्ति पर भरा गया |
| 2 | अपर आयुक्त | एल-13 | 01 | प्रतिनियुक्ति पर भरा गया |
| 3 | संयुक्त आयुक्त | एल-12 | 02 | प्रतिनियुक्ति पर भरा गया |
| 4 | उप आयुक्त | एल-11 | 02 | प्रतिनियुक्ति पर भरा गया |
| 5 | सहायक आयुक्त | एल-8 | 04 | 01 प्रतिनियुक्ति पर भरा गया<br>03 सीधी भर्ती के माध्यम से भरे गये |
| 6 | आयुक्त के निजी सचिव | एल-7 | 01 | रिक्त (प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जाना है) |
| 7 | कार्यालय अधीक्षक | एल-7 | 04 | 02 रिक्तियां (प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरी जानी है)<br>02 पद सीधी भर्ती से भरे गये |
| 8 | आशुलिपिक ग्रेड–I (अपर आयुक्त के लिए) | एल-6 | 01 | सीधी भर्ती के माध्यम से भरा गया |
| 9 | आशुलिपिक ग्रेड–II (संयुक्त आयुक्त के लिए) | एल-4 | 02 | ये दोनों पद सीधी भर्ती के माध्यम से भरे गए थे। दोनों में से एक ने त्यागपत्र दें दिया है। इसलिए, इस रिक्त पद को अगली भर्ती प्रक्रिया के दौरान भरा जाएगा। |

| क्रम संख्या | पद का नाम | वेतन स्तर | अनुमोदित पदों की संख्या | पदस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 10 | कार्यालय सहायक | एल-4 | 04 | सीधी भर्ती के माध्यम से भरे गये |
| 11 | बहु–कार्य कार्मिक | एल-1 | 06 | यह पद सीधी भर्ती से भरे गए थे। छह में से दो ने इस्तीफा दे दिया है। इसलिए, इन रिक्त पदों को अगली भर्ती प्रक्रिया के दौरान भरा जाएगा। |
| | **कुल** | | **28** | |

**6. राज्य ईएमआरएस समितिः**

यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं कि ईएमआरएस वाले प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश, स्तरीय ईएमआरएस सोसायटी की स्थापना करें, जो समिति पंजीकरण अधिनियम के तहत विधिवत पंजीकृत हो। तदनुसार, 28 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में से 27 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों में, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय ईएमआरएस समिति स्थापित की गई है।

**7. राज्य समितियों के साथ समझौता ज्ञापनः**

राज्यों को ईएमआरएस योजना में शामिल करने के लिए राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ईएमआरएस समिति और एनईएसटीएस के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। समझौता ज्ञापन मूल रूप से ईएमआरएस के संशोधित कार्यक्रम को लागू करने में एनईएसटीएस और राज्य/केंद्रशासित प्रदेश ईएमआरएस समिति की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को रेखांकित करता है। 25 राज्यों ने एनईएसटीएस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्यवार विवरण अनुबंध–1 पर उपलब्ध हैं।

**8. एनईएसटीएस के लिए अतिरिक्त जगह का निर्माणः**

एनईएसटीएस के अंतर्गत कार्यशील एवं निर्माणाधीन विद्यालयों की संख्या बढ़ गई हैं, तदोपरांत कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ गई है। तदनुसार, एनईएसटीएस के वर्तमान कार्यालय के निकट 1500 वर्ग फीट की अतिरिक्त जगह एलआईसी से किराए पर ली गई है। अतिरिक्त स्थान का नवीनीकरण किया गया है और इसे कार्यालय के रूप में उपयोग में लिया जा रहा है।

**9. स्वीकृत ईएमआरएस की कार्यप्रणालीः**

कुल मिलाकर, देश में 690 ईएमआरएस स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 401 ईएमआरएस क्रियाशील हैं।

**10. शासी निकाय की बैठकें:**

वित्त वर्ष 2022–2023 के दौरान एनईएसटीएस की शासी निकाय की दो बैठकें 5 अप्रैल 2022 और 12 दिसंबर 2022 को आयोजित की गई थी।

# अध्याय 3
# शैक्षणिक परिदृश्य

## 1. राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति स्थापना दिवस समारोहः एक उल्लेखनीय यात्रा

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने जनजातीय सांस्कृतिक केंद्र (ट्राइबल कल्चर सेंटर) जमशेदपुर, झारखंड में टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से 02 अप्रैल 2022 को अपना चतुर्थ स्थापना दिवस मनाया। माननीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी ने मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जनजातीय विद्यार्थियों को उनके ही परिवेश में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एनईएसटीएस ने तीन साल पूर्व दिनांक 01 अप्रैल 2019 से अपने यात्रा की शुरुआत की थी। 2019 से, अपेक्षाकृत कम समय में ही, एनईएसटीएस ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं एवं जनजातीय विद्यार्थियों के उत्थान एवं उन्नति में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। शैक्षणिक, मानव संसाधन, प्रशासन, वित्त एवं निर्माण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एनईएसटीएस ने प्रभावी शैक्षिक हस्तक्षेपों, सततं एवं समर्पित प्रयासों के माध्यम से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के मानकों को वर्धित किया है। यह आयोजन, एनईएसटीएस के जनजातीय विद्यार्थियों के प्रति दृढ़ संकल्प एवं उत्साह का प्रमाण है । इस कार्यक्रम में झारखंड में स्थित ईएमआरएस के विद्यार्थी एवं संवाद, टाटा स्टील फाउंडेशन के प्रतिभाशाली जनजातीय कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां प्रदर्शित की गईं ।






चित्र 3.1 स्थापना दिवस समारोह 2022 की एक झलक

## 2. भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2022:

दिनांक 5 सितंबर 2022 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने, देशभर के 45 अति विशिष्ट शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया। इन प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेताओं में श्री सिद्धार्थ योनज़ोन, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) गंगयप, सिक्किम के प्राचार्य भी शामिल थे। श्री सिद्धार्थ योनज़ोन के विद्यार्थियों के प्रति अटूट समर्पण एवं उत्कृष्ट योगदान ने ईएमआरएस गंगयेप को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है।



चित्र 3.2 माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा, श्री सिद्धार्थ योनज़ोन राष्ट्रीय पुरस्कार– 2022 प्राप्त करते हुए।

इस प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह के दौरान श्री सिद्धार्थ योनज़ोन की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की गई। उन्होंने शैक्षणिक पाठ्यक्रम में नवीन एवं आनंददायक शिक्षण तकनीकों को शामिल कर अद्वितीय प्रतिबद्धता एवं परिश्रम का प्रदर्शन किया है। श्री सिद्धार्थ ने खेल–कूद एवं संगीत के अधिगम को केंद्र बिंदु में रखकर अपने विद्यार्थियों के लिए शिक्षानुभव को एक सफल तथा चिरस्थायी अनुभव में परिवर्तित किया है।

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार समारोह के उपरांत, माननीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी के कार्यालय में दिनांक 6 सितंबर 2022 को श्री सिद्धार्थ योनज़ोन के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। मंत्रालय एवं एनईएसटीएस के अधिकारियों की उपस्थिति में, श्री सिद्धार्थ योनज़ोन की असाधारण उपलब्धियों के लिए सराहना की गई। माननीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी ने श्री सिद्धार्थ की सराहना करते हुए कहा कि उनके अनुकरणीय कार्य, अन्य शिक्षकों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। ईएमआरएस के शिक्षक को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान का पात्र देखकर जनजातीय कार्य मंत्रालय गौरन्वानित महसूस कर रहा है। ईएमआरएस शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों का इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने का यह लगातार तीसरा वर्ष है।



चित्र 3.3 श्री अर्जुन मुंडा जी के कार्यालय में सम्मान समारोह

श्री सिद्धार्थ योनज़ोन का राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाना उनके असाधारण नेतृत्व एवं देश भर में कार्यरत ईएमआरएस शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के सामूहिक प्रयासों का प्रमाण है। यह सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि देशभर में जनजातीय विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक मानकों के उत्थान के लिए ईएमआरएस शिक्षकों की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डालता है।

**3. अनुभवात्मक अधिगम शिक्षाशास्त्र कार्यक्रम पर प्रशिक्षणः**

टाटा ट्रस्ट्स, TISS मुंबई एवं महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्कूल (MGIS) अहमदाबाद के सहयोग से 2021 में एनईएसटीएस के द्वारा अनुभवात्मक अधिगम शिक्षणशास्त्र कार्यक्रम शुरू किया गया था। यह अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम, शिक्षाशास्त्र के क्षेत्र में अग्रणी है तथा शिक्षकों के सतत वृत्तिक विकास (सीपीडी) एवं NEP 2020 के उद्देश्यों की पूर्ति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के प्रथम बैच में छह राज्यों क्रमशः महाराष्ट्र, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के 200 ईएमआरएस शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों ने प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया ।





चित्र 3.4 अनुभवात्मक अधिगम शिक्षाशास्त्र प्रशिक्षण कार्यक्रम की एक झलक

प्रथम–बैच के प्रतिभागियों में से 42 ईएमआरएस शिक्षकों को "शिक्षक नेतृत्वकर्ता" या "संभावित उपदेशक" के रूप में चुना गया था। चयनित 42 ईएमआरएस शिक्षकों ने 18 जुलाई से 20 जुलाई 2022 तक अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया। इस कार्यशाला का उद्देश्य, इन चयनित शिक्षकों को अनुभवात्मक अधिगम शिक्षणशास्त्र एवं समावेशी अधिगम पद्धतियों के अनुरूप पाठ योजनाओं को डिजाइन करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम, ईएमआरएस शिक्षकों को ईएमआरएस के संदर्भ में अनुभवात्मक अधिगम शिक्षणशास्त्र को लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल द्वारा सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया था।

**4. ईएमआरएस शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के लिए अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (द्वितीय–बैच)**

अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम (द्वितीय–बैच) नौ राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, गुजरात, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड के ईएमआरएस शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों के लिए अगस्त 2022 में शुरू किया गया था। द्वितीय–बैच में चार अतिरिक्त राज्यों क्रमशः गुजरात, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड को शामिल कर इस कार्यक्रम का विस्तार किया गया।



चित्र 3.5 अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम की एक झलक

कुल 266 प्रतिभागियों ने TISS प्लेटफॉर्म पर आयोजित इस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। कार्यक्रम में सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों दृष्टिकोणों को शामिल कर प्रतिभागियों को अनुभवात्मक अधिगम शिक्षाशास्त्र की व्यापक समझ प्रदान की गई। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के चार मॉड्यूल के साथ संलग्न असाइनमेंट एवं एक पाठ योजना को तैयार करना भी उनके प्रशिक्षण का भाग था।



चित्र 3.6 अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम की एक झलक

प्रतिभागियों के अधिगम को परिशिष्ट एवं शिक्षाशास्त्र की गहरी समझ प्रदान करने हेतु, प्रत्येक मॉड्यूल के लिए ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किए गए थे। इन वेबिनारों ने परस्पर संवादात्मक (इंटरैक्टिव) चर्चाओं के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया जिससे प्रतिभागियों को अपनी समझ बढ़ाने एवं अनुभवात्मक अधिगम तकनीकों के प्रभावी कार्यान्वयन में एवं अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सहायता मिली। यह कार्यक्रम, प्रशिक्षित प्रतिभागियों एवं उपदेशकों द्वारा व्यापक सराहना प्राप्त कर जनवरी 2023 में संपन्न हुआ।

### 5. विद्यालयों में सक्षम व्यावसायिक शिक्षाः सीबीएसई की एक पहल

सीबीएसई ने विद्यालयों में व्यावसायी शिक्षा को प्रबल बनाने एवं NEP 2020 को वास्तविक प्रारूप के साथ लागू करने के अपने प्रयासों में "फैसिलिटेटिंग विद्यालय टू वर्क ट्रांजिशन" नामक एक परियोजना की परिकल्पना की है, जिसे विश्व बैंक द्वारा वित्त पोषित किया जाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य सीबीएसई से संबद्धित विद्यालयों में 'कौशल प्रयोगशालाएं' स्थापित करके प्रासंगिक व्यावसायिक कौशल विकसित करना है।

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के कौशल पाठ्यक्रम जैसे बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा (बीएफएसआई), परिधान, ऑटोमोटिव, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, संवर्धित वास्तविकता–आभासी वास्तविकता (एआर–वीआर), स्वास्थ्य देखभाल, लॉजिस्टिक्स इत्यादि प्रदान करता है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक कौशल एवं ज्ञान प्रदान कर, उन्हें भविष्य के कैरियर के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

कार्यक्रम के प्रथम चरण कार्यान्वयन के लिए, सीबीएसई ने 25 विद्यालयों को चयनित किया। इन चयनित विद्यालयों में छः राज्यों – उत्तराखंड, त्रिपुरा, सिक्किम, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं अरुणाचल प्रदेश से छः ईएमआरएस इस कार्यक्रम में शामिल किया गए।

तालिका 3.1 प्रथम चरण के कार्यान्वयन के लिए नामांकित ईएमआरएस की सूची

| क्र.सं. | राज्य | विद्यालय |
|---|---|---|
| 1 | अरुणाचल प्रदेश | ईएमआरएस लुम्मा |
| 2 | मध्य प्रदेश | ईएमआरएस भोपाल |
| 3 | ओडिशा | ईएमआरएस ढंगेरा |
| 4 | सिक्किम | ईएमआरएस गंगयप |
| 5 | त्रिपुरा | ईएमआरएस खुमुलुंग |
| 6 | उत्तराखंड | ईएमआरएस कालसी |



चित्र 3.7 विद्यार्थी 'कौशल प्रयोगशाला का प्रयोग करते हुए

कार्यक्रम के द्वितीय–चरण  कार्यान्वयन के लिए, सीबीएसई ने 75 विद्यालयों को चयनित किया है, जिसमें पांच राज्य– आंध्र प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा एवं छत्तीसगढ़ के 15 ईएमआरएस शामिल हैं। इन विद्यालयों के चयन का उद्देश्य कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों एवं समुदायों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित कर, इसके प्रभाव एवं पहुंच को बढ़ाना है।

तालिका 3.2 द्वितीय–चरण के कार्यान्वयन के लिए नामांकित ईएमआरएस की सूची

| क्र.सं. | राज्य | विद्यालय |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | ईएमआरएस दोरनाला |
| 2 | आंध्र प्रदेश | ईएमआरएस जीके वीधी |
| 3 | आंध्र प्रदेश | ईएमआरएस ओजिली |
| 4 | छत्तीसगढ़ | ईएमआरएस करपवंद |
| 5 | छत्तीसगढ़ | ईएमआरएस तारेगांव जंगल |
| 6 | छत्तीसगढ़ | ईएमआरएस पेंड्री |
| 7 | मध्य प्रदेश | ईएमआरएस बरगवां |
| 8 | मध्य प्रदेश | ईएमआरएस सोहागपुर |
| 9 | मध्य प्रदेश | ईएमआरएस नारायणाला |
| 10 | मध्य प्रदेश | ईएमआरएस इंदौर |
| 11 | ओडिशा | ईएमआरएस मल्कानगिरी |
| 12 | ओडिशा | ईएमआरएस सिरीगुडा रायगढ़ |
| 13 | ओडिशा | ईएमआरएस रंकी |
| 14 | ओडिशा | ईएमआरएस लेहरीपाड़ा |
| 15 | त्रिपुरा | ईएमआरएस बी.सी. नगर |

विद्यार्थी केंद्रित पहलों के अलावा, यह कार्यक्रम शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए अल्पकालिक मॉड्यूल एवं ई–सामग्री के विकास पर भी जोर देता है। यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षक व्यावसायिक कौशल शिक्षा को प्रभावी ढंग से प्रदान करने के लिए आवश्यक कौशल एवं संसाधनों से सुसज्जित हों।

**6. ईएमआरएस में स्मार्ट क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना:**

समसामयिक समय में, विशेष रूप से नवीन शिक्षण विधियों एवं रणनीतियों को अपनाने में, शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। ऑफ़ लाइन से हाइब्रिड लर्निंग में स्थानान्तरण के साथ, यह स्पष्ट हो गया कि स्मार्ट क्लास विद्यालय पारिस्थितिकी तंत्र का एक अभिन्न अंग बन गया हैं। शिक्षा के इस आधुनिक दृष्टिकोण को सुगम बनाने के लिए, "एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में स्मार्ट क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर बुनियादी ढांचे (स्मार्ट) की स्थापना" नामक परियोजना शुरू की गई है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) एवं राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) संयुक्त रूप से इस परियोजना को वित्तपोषित करते हैं।

परियोजना का कार्यान्वयन भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त वैज्ञानिक समिति ईआरनेट (ERNET) इंडिया को सौंपा गया है। इस परियोजना का लक्ष्य 175 ईएमआरएस को स्मार्ट क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सक्षम करना है। प्रथम चरण में, 48 ईएमआरएस को स्मार्ट क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित किया गया है, जिससे तकनीकी रूप से उन्नत शिक्षण वातावरण सुविधा प्रदान की जा रही है।



चित्र 3.8 स्मार्ट क्लास का प्रयोग करते हुए ईएमआरएस विद्यार्थियों की झलक

## 7. ईएमआरएस में एकलव्य अधिगम प्रबंध प्रणाली (ईएलएमएस) का परिचय

कोविड–19 महामारी के दौरान, एनईएसटीएस द्वारा अवरोध रहित शैक्षणिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से तकनीकी विकल्पों की खोज की गई। प्रत्यक्ष एवं आभासी कक्षा दोनों के समर्थन के महत्व को पहचानते हुए, एनईएसटीएस ने एकलव्य अधिगम प्रबंध प्रणाली (ईएलएमएस) (Eklavya Learning Management System ELMS) नामक एक ई–लर्निंग प्लेटफ़ॉर्म विकसित करने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (CDAC) के साथ भागीदारी की। इस परियोजना का उद्देश्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को ईएमआरएस में शिक्षण–अधिगम प्रक्रिया को बढ़ाने के लिए नवीन उपकरणों से सुसज्जित कर एक प्रभावी एवं कुशल मंच (प्लेटफ़ॉर्म) प्रदान करना है।

शिक्षकों को ई–लर्निंग प्लेटफॉर्म से परिचित कराने के लिए, 12 एवं 13 दिसंबर, 2022 को दो दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में देशभर के विभिन्न ईएमआरएस से कुल 52 नामांकित शिक्षकों ने भाग लिया। ये नामांकित शिक्षक, अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करते हुए, परियोजना के अगले चरण में मुख्य प्रशिक्षकों के रूप में काम करेंगे, जहाँ वे अपने राज्यों के सभी विद्यालयों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जारी रखेंगे।

कार्यशाला सत्र में–ईएलएमएस परियोजना का परिचय, ईएलएमएस ऐप का प्रदर्शन, मोबाइल या टैबलेट उपकरणों पर ऐप की स्थापना मार्गदर्शन, ईएलएमएस पोर्टल से एक कोर्स डेमो, उपयोगकर्ता नामांकन, पाठ्यक्रम में सामग्री अपलोड करना एवं ईएलएमएस प्लेटफ़ॉर्म के भीतर घोषणाएँ, मंच एवं चैट्स जैसे संचार उपकरणों का प्रदर्शन शामिल है।




चित्र 3.9 एकलव्य अधिगम प्रबंध प्रणाली (ईएलएमएस) प्रशिक्षण सत्र की झलक

### 8. ईएमआरएस प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के लिए सोशल मीडिया कार्यशाला

एनईएसटीएस ने ईएमआरएस शिक्षकों एवं संकाय को सोशल मीडिया विशेषताओं एवं उपकरणों पर अभिविन्यास प्रदान करने के लिए एक आभासी कार्यशाला का आयोजन किया। यह ऑनलाइन कार्यक्रम 25 अगस्त 2022 को एनईएसटीएस मुख्यालय, नई दिल्ली से हुआ। कार्यशाला में उल्लेखनीय वक्ता, श्री सुशील कुमार, उप निदेशक, प्रेस सूचना ब्यूरो, फेसबुक से श्री आशीष पांडे, एवं ट्विटर से श्री समीरन गुप्ता उपस्थित थे।

कार्यशाला के दौरान, ईएमआरएस संकाय को औपचारिक शिक्षा प्रणालियों के भीतर सोशल मीडिया के महत्व एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यशाला के विषयों में जैविक एवं सामग्री की सर्वोत्तम प्रथाएं, बूस्टिंग एवं विज्ञापन की मूल बातें, ट्विटर एवं फेसबुक का परिचय एवं किस प्रकार प्रधानाचार्य व शिक्षक महत्वपूर्ण मुद्दों तथा विषयों पर दुनिया से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं, शामिल थे।

कार्यशाला के माध्यम से फेसबुक एवं ट्विटर जैसे सोशल मीडिया हैंडल के बहुमुखी एवं सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने, ईएमआरएस संकाय को दूसरों के साथ जुड़ने एवं विभिन्न उपकरणों का उपयोग करके विभिन्न प्लेटफार्मों पर सामग्री साझा करने के लिए आवश्यक कौशल से सुसज्जित किए जाने के उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा किया।



चित्र 3.10 ईएमआरएस प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों की सोशल मीडिया कार्यशाला की झलक

### 9. विश्व मूल निवासी दिवस–जनजातीय कार्य मंत्री के साथ संवाद

मूलनिवासी अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर, माननीय केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी व जनजातीय एवं जल शक्ति राज्य मंत्री श्री विश्वेश्वर टुडू जी के साथ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के विद्यार्थियों के लिए 'संवाद' नामक एक आभासी बातचीत आयोजित की गई। यह आयोजन 09 अगस्त, 2022 को हुआ एवं देश भर के कुल 378 ईएमआरएस ने इस आभासी बातचीत में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की शोभा जनजातीय मामलों के सचिव श्री अनिल कुमार झा एवं एनईएसटीएस के अधिकारियों की उपस्थिति से बढ़ी।




चित्र 3.11 ईएमआरएस प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों की सोशल मीडिया कार्यशाला सत्र का आशुचित्र

पारस्परिक संवाद के दौरान, ईएमआरएस के विद्यार्थियों ने अपनी खुशी एवं गर्व व्यक्त किया कि हमारे देश

में स्वतंत्रता के बाद पहली जनजातीय राष्ट्रपति के रूप में माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने पद ग्रहण किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति के रूप में उनका चुनाव भारतीय लोकतंत्र की ताकत को प्रदर्शित करता है। विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए, केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी ने उल्लेख किया कि सरकार ने जनजातीय समुदाय की शिक्षा की चुनौती को मिशन मोड में लिया है। उन्होंने आगे कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय समुदायों के शैक्षिक मानकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ऊपर उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

संवाद के दौरान, जनजातीय संस्कृति की जनजातीय जीवन में जल, जंगल एवं ज़मीन (भूमि) के महत्व पर प्रकाश डालने वाली चर्चाऐं हुई। पर्यावरण एवं समग्र कल्याण को बनाए रखने में इन तत्वों के महत्व पर जोर दिया गया। पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने के रूप में, सभी ईएमआरएस विद्यार्थियों को अपने विद्यालयों एवं गांवों में वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसका उद्देश्य दूसरों को इसमें शामिल होने एवं अपने परिवेश के संरक्षण में योगदान देने के लिए प्रेरित करना था।

इसके अतिरिक्त, संवाद के दौरान बातचीत में हर घर तिरंगा अभियान पर भी चर्चा हुई, जो आजादी का अमृत महोत्सव समारोह का हिस्सा है। यह अभियान लोगों को एकता, देशभक्ति एवं गौरव के प्रतीक के रूप में अपने घरों पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज, तिरंगा, को प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।




चित्र 3.12 विश्व मूलनिवासी दिवस के दिन जनजातीय कार्य मंत्री के साथ संवाद की झलक



चित्र 3.13 विश्व मूलनिवासी दिवस के दिन जनजातीय कार्य मंत्री के साथ संवाद की झलक

## 10. ईएमआरएस विद्यार्थियों के लिए अमेज़ॅन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम

अमेज़ॅन फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम, 28 दिसंबर, 2022 को माननीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा द्वारा शुभारंभ किया गया। प्रारंभिक चरण में इस कार्यक्रम में चयनित ईएमआरएस में छह राज्यों के 54 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। यह पहल एनईएसटीएस एवं लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन (LLF) के बीच सहयोग पर आधारित है। लॉन्च इवेंट के बाद ईएमआरएस शिक्षकों के लिए दो दिवसीय व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। यह कार्यशाला ईएमआरएस के विद्यार्थियों को बुनियादी कम्प्यूटेशनल कौशल से लेकर डेटा–कोडिंग कौशल तक कंप्यूटर विज्ञान की शिक्षा प्रदान करने पर केंद्रित थी।




चित्र 3.14 केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा जी द्वारा अमेज़ॅन फ्यूचर इंजीनियर कार्यक्रम के उद्‌घाटन की झलक

अमेजॅन फ्यूचर इंजीनियर (एएफई) कार्यक्रम एक सीएसआर (CSR) पहल है, जिसका उद्देश्य कम प्रतिनिधित्व वाले समुदायों से विद्यार्थियों को कंप्यूटर विज्ञान में रुचि विकसित करने एवं उच्च शिक्षा एवं करियर तलाशने के लिए इस क्षेत्र में सशक्त बनाना है। कंप्यूटर विज्ञान के बारे में जागरूकता पैदा कर इनकी शिक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक संसाधन एवं सहायता प्रदान करके यह कार्यक्रम शिक्षकों को भी सक्षम बनाता है। उद्‌घाटन समारोह में श्री असित गोपाल, आयुक्त एनईएसटीएस; श्रीमती स्मृति शर्मा, सार्वजनिक नीति प्रमुख, अमेजॅन एवं श्रीमती अंजलि प्रकाश, लर्निंग लिंक्स फाउंडेशन के संस्थापक द्वारा कार्यक्रम की शोभा बढाई।

विद्यालय स्तर पर, कार्यक्रम कार्यान्वयन में कक्षा 6 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक कोडिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान प्रदर्शन (एक्सपोजर) सत्र शामिल हैं। इन ऑनलाइन सत्रों का उद्देश्य कोडिंग अवधारणाओं के साथ व्यावहारिक अनुभव एवं परिचय प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थी 20–25 घंटे के संरचित परियोजन–आधारित वर्चुअल कोडिंग सत्र में हिस्सा लेते हैं। ऐसे सत्र विद्यार्थियों को कोडिंग की गहराई को समझने हेतू एवं व्यावहारिक परियोजनाओं में अपने ज्ञान को उपयोग करने की क्षमता देते हैं।

## 11. जनजातीय गौरव दिवस–2022 का उत्सवः

15 नवंबर, 2022 को, भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने अन्य मंत्रालयों, राज्य सरकार एवं एनईएसटीएस के सहयोग से देशभर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया। भारत की माननीय राष्ट्रपति महोदया ने न्याय के लिए सब कुछ बलिदान करने की जनजातीय समाज की भावना पर प्रकाश डालते हुए सम्बोधित किया।




चित्र 3.15 राष्ट्रपति द्वारा जनजातीय गौरव दिवस उत्सव के उद्घाटन की झलक

जनजातीय गौरव दिवस 2022 समारोह के हिस्से के रूप में, जनजातीय कार्य मंत्रालय ने MyGov के समन्वय से 'मेरा प्रेरणा स्त्रोत– बिरसा मुंडा' विषय पर एक ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, 'अपने बच्चों को बिरसा मुंडा की तरह तैयार करें' नामक एक ऑनलाइन पोशाक प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। दोनों कार्यक्रमों ने नागरिक भागीदारी एवं जनभागीदारी (सार्वजनिक भागीदारी) को प्रोत्साहित किया। ईएमआरएस के विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ राष्ट्रीय समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। विद्यालय स्तर पर गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं की एक सप्ताहिक श्रृंखला के साथ, ईएमआरएस विद्यार्थियों ने एनटीआरआई (NTRI) द्वारा विशेष रूप से उनके लिए आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

**12. ईएमआरएस प्रधानाचार्यों के लिए माइक्रोसॉफ्ट डिजिटल ट्रान्स्फॉरमेंशन कार्यशाला :**

21 नवंबर 2022 को, एनईएसटीएस ने, माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से, 'शिक्षा परिवर्तन फ्रेमवर्क' पर ईएमआरएस प्रधानाचार्यों के लिए एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। एनईएसटीएस जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं उन्हें 21वीं सदी के कौशल से सुसज्जित करने के लिए ईएमआरएस शिक्षकों के तकनीकी कौशल को लगातार बढ़ाने के महत्व को समझता है। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्वकर्ताओं, सिस्टम लीडरों, विशेषज्ञ शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को अंतर्दृष्टि प्रदान कर, ईएमआरएस नेतृत्वकर्ताओं को अपने विद्यालयों में परिवर्तन लाने के लिए सशक्त बनाना है। 19 राज्यों के 36 ईएमआरएस के शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उत्साहपूर्वक भाग लिया।




चित्र 3.16 ईएमआरएस प्रधानाचार्यों के लिए ऑनलाइन आयोजित
माइक्रोसॉफ्ट डिजिटल ट्रान्स्फॉरमेंशन कार्यशाला की झलक

इस परिवर्तनकारी पहल के प्रथम चरण में, 36 ईएमआरएस को अपने विद्यालयों को डिजिटल रूप में बदलने एवं माइक्रोसॉफ्ट सॉफ्टवेयर एवं एप्लिकेशन का उपयोग करके तकनीकी कौशल बढ़ाने के लिए चुना गया था। कार्यशाला ने इस परिवर्तनकारी प्रक्रिया की शुरुआत को चिह्नित किया, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट तकनीकों एवं एआई अनुप्रयोगों के उपयोग के माध्यम से शिक्षकों के पेशेवर विकास, विद्यार्थियों को एआई एवं कोडिंग से परिचित कराना एवं इनके अतिरिक्त इसमें माइक्रोसॉफ्ट प्रमाणित शिक्षक (एमसीईई) कार्यक्रम पर एक कार्यशाला जैसे विभिन्न घटक शामिल हैं।

### 13. ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव–2022:

ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का तृतीय संस्करण राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) द्वारा 31 अक्टूबर से 2 नवंबर 2022 तक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम बेंगलुरु, कर्नाटक में हुआ एवं आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर में कर्नाटक आवासीय शैक्षिक संस्थान समिति (केआरईआईएस) द्वारा आयोजित किया गया।



चित्र 3.17 ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव– 2022 की झलक

यह महोत्सव तीन दिनों तक चला एवं इसमें देशभर के ईएमआरएस विद्यार्थियों को एक साथ आने एवं अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का उत्सव मनाने के लिए इसने एक मंच के रूप में कार्य किया। महोत्सव के दौरान 25 से अधिक कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें जनजातीय नृत्य एवं गीत प्रदर्शन, वाद–विवाद, भाषण, नाटक, रचनात्मक लेखन, उसी समय चित्रकारी (ऑन द स्पॉट पेंटिंग), प्रश्नोत्तरी एवं कहानी सुनाने के सत्र शामिल थे।



चित्र 3.18 : ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव– 2022 में जनजातीय नृत्य करते हुए विद्यार्थियों की झलक

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण जनजातीय सांस्कृतिक प्रदर्शन था, जिसमें 10 विभिन्न राज्यों के स्वदेशी समुदायों की जीवंत परंपराओं का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शनी में मनमोहक आदिवासी और स्वदेशी नृत्य रूप, पारंपरिक भोजन और व्यंजन, साथ ही पारंपरिक कपड़े और आभूषण शामिल थे।



चित्र 3.19 राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव– 2022 में जनजातीय सांस्कृतिक प्रदर्शन की झलक

भारत की विविधता में सांस्कृतिक एकता के शानदार उत्सव के लिए 31 अक्टूबर का शुभ दिन चुना गया क्योंकि यह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती थी, जो कि एक प्रमुख व्यक्ति थे जिन्होंने देश की आजादी के बाद देश की एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इसके अलावा, इस अवसर का सम्मान करने के लिए, सभी उपस्थित लोगों ने एकता की शपथ ली, एवं आयुक्त, एनईएसटीएस द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई यूनिटी रन में विद्यार्थियों ने भाग लिया। सम्पूर्ण रूप से, सांस्कृतिक उत्सव के उद्घाटन का दिन सरदार वल्लभभाई पटेल एवं राष्ट्र के लिए उनके उल्लेखनीय योगदान को स्मरण करना था।

### 14. ईएमआरएस नेशनल स्पोर्ट्स मीट (राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता)–2022:

ईएमआरएस नेशनल स्पोर्ट्स मीट का तीसरा संस्करण 17 से 22 दिसंबर 2022 तक एनईएसटीएस द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह छह दिवसीय खेल आयोजन आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा एवं गुंटूर जिलों में हुआ। आंध्र प्रदेश जनजातीय कल्याण आवासीय शैक्षणिक संस्थान समिति ने इस कार्यक्रम को आयोजित करने का कार्यभार संभाला।

खेल प्रतियोगिता में देशभर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने एवं विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच पर लाया गया। प्रतिभागियों ने एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं अन्य कई प्रकार के खेलों में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम ने युवा एथलीटों के लिए अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने, खेल कौशल को बढ़ावा देने एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया ।














चित्र 3.20 नेशनल स्पोर्ट्स मीट (राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता)– 2022 के उद्घाटन समारोह की झलक

ईएमआरएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देशभर के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के लगभग 4300 विद्यार्थियों की एक भव्य सभा देखी गई। छह दिनों के दौरान, इस कार्यक्रम में कुल 22 विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।









चित्र 3.21 राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में कई प्रकार के खेलों में भाग लेते हुए विद्यार्थियों की झलक

ईएमआरएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2022 एक शानदार आयोजन था जो जनजातीय समुदायों के विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने में एनईएसटीएस की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।





चित्र 3.22 राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2022 की झलक

**15. राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी) के सहयोग से कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला:**

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) एवं राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी) ने एक कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला की मेजबानी के लिए आपसी सहयोग किया। कार्यशाला 22 नवंबर 2022 को, ऑनलाइन प्रारूप में, विशेष रूप से ग्यारहवीं एवं बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हुई। इस कार्यशाला के आयोजन का प्राथमिक उद्देश्य ईएमआरएस विद्यार्थियों को उनके भविष्य के करियर के लिए आवश्यक मार्गदर्शन करना था।




चित्र 3.23 राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के साथ कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला की झलक

समकालीन समय में तेजी से विकसित हो रही दुनिया में, विद्यार्थियों को करियर परामर्श प्रदान करना, उन्हें विभिन्न करियर विकल्पों एवं पेशेवर मार्गों का अन्वेषण करने में सहायता करना अति आवश्यक है एवं यह उनकी सफलता में सहयोग कर सकता है। करियर का चुनाव विद्यार्थी जीवन पर दूरगामी परिणाम देता है, जिससे उनके लिए असंख्य संभावनाओं से अवगत होना महत्वपूर्ण हो जाता है। विद्यार्थियों को विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला से अवगत कराकर, उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करते समय सूचित एवं विचारशील निर्णय लेने में सक्षम बनाता है।




चित्र 3.24 राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के सहयोग से कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला की झलक

कार्यशाला के दौरान, विद्यार्थियों ने विभिन्न सत्रों में भाग लिया एवं फैशन उद्योग की व्यापक समझ विकसित की। इन सत्रों में फैशन संगठनों का परिचय शामिल था, जिससे उनके ज्ञान एवं जागरूकता को व्यापक बनाने में मदद मिली। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के स्नातक पाठ्यक्रमों एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया गया।

कार्यशाला में परीक्षा पद्धति एवं पात्रता मानदंड जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को भी शामिल किया गया, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों के लिए अच्छी तरह से तैयार किया जा सके। कार्यशाला

का एक मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों के लिए उद्योग विशेषज्ञों के साथ संवाद स्थापित कराना था, जिन्होंने अपनी अंतर्दृष्टि एवं अनुभव साझा किए। इस संवाद ने न केवल मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान किया बल्कि पूर्व सफल विद्यार्थियों की यात्रा को प्रदर्शित करके विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया।

**16. ईएमआरएस विद्यार्थियों का पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य कल्याण**

एक सहयोगात्मक प्रयास में, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) एवं भारतीय जन स्वास्थ्य प्रतिष्ठान (पीएचएफआई) ने प्रत्यक्ष कार्यशाला के माध्यम से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के कौशल एवं ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक साथ आए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन एवं प्रथम बैच, 3 से 6 जनवरी 2023 तक भुवनेश्वर, ओडिशा में सम्पन्न होगा।

यह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जनजातीय बच्चों के पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित था। इन विषयों में गहन विश्लेषण के साथ–साथ प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को जनजातीय पारिस्थितिकी तंत्र के विशिष्ट संदर्भ के अनुरूप मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई। प्रतिभागियों के पहले बैच में पूरे ओडिशा के 27 विभिन्न ईएमआरएस से 54 शिक्षक शामिल थे।

इस सहयोगात्मक पहल का उद्देश्य प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को उनके विद्यालयों में जनजातीय बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं विशेषज्ञता से सुसज्जित करना है।

**17. उच्च शिक्षा संस्थानों (HEIs) में ईएमआरएस (EMRS) प्रधानाचार्यों का एक्सपोज़र भ्रमण:**




चित्र 3.25 पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य कल्याण कार्यशाला की झलक



चित्र 3.26 पोषण एवं मानसिक स्वास्थ्य कल्याण कार्यशाला की झलक

**राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस)** ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में ईएमआरएस प्रधानाचार्यों के लिए एक्सपोज़र विजिट्स का आयोजन किया। इस प्रकार के भ्रमणों का उद्देश्य सभी सीबीएसई–संबद्ध विद्यालयों में कौशल शिक्षा की अवधारणा को बढ़ावा देना है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप है।

एक्सपोज़र भ्रमण पहल का उद्देश्य विद्यालय नेतृत्वकर्ता के लिए भारत में प्रतिष्ठित संगठनों के संपर्क में आने एवं देशभर के संस्थानों द्वारा नियोजित उन्नत प्रक्रियाओं एवं तकनीकों से परिचित होने के लिए एक तंत्र स्थापित करना है। कार्यक्रम ने एक परस्पर संवादात्मक अधिगम अनुभव प्रदान कर, विभिन्न वातावरणों तक पहुंच, सामाजिक संपर्क के अवसर एवं कार्यस्थल में नवीनतम रुझानों एवं प्रथाओं में अंतर्दृष्टि प्रदान की। यह भ्रमण दो चरणों में सम्पन्न हुआ, पहला चरण 10 जनवरी से 15 फरवरी, 2023 तक एवं दूसरा चरण अप्रैल 2023 में सम्पन्न होगा।

यह पहल कौशल–आधारित पारिस्थितिकी तंत्र के विकास में योगदान करते हुए विद्यालयों एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच तालमेल को बढ़ावा देती हैं। इन भ्रमणों में भाग लेने वाले प्रधानाचार्य बाद में अपने आसपास के विद्यालयों के शिक्षकों को सलाह दे सकते हैं, जिससे शिक्षार्थियों के सशक्तिकरण के प्रचुर अवसर पैदा होंगे।



चित्र 3.27 उच्च शिक्षा संस्थानों में ईएमआरएस प्रधानाचार्यों का एक्सपोज़र दौरे की झलक

पहले चरण में, महाराष्ट्र, गुजरात एवं तेलंगाना के प्रधानाचार्यों ने एक्सपोज़र भ्रमण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया एवं विभिन्न एचईआई (HEIs) से मूल्यवान अनुभव एवं ज्ञान प्राप्त किया।

**18. आदि महोत्सव**

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय ने 16 से 27 फरवरी 2023 तक दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आदि महोत्सव के एक उल्लेखनीय बारह दिवसीय जनजातीय उत्सव का सफलतापूर्वक आयोजन किया। 'आदि महोत्सव', राष्ट्रीय जनजातीय शिल्प एक्सपो के रूप में मान्यता प्राप्त, देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प को प्रदर्शित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

के रूप में कार्य करता है। यह महोत्सव व्यक्तिगत जनजातीय कारीगरों, जनजातीय स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के साथ–साथ जनजातीय समुदायों के साथ काम करने वाली एजेंसियों एवं संगठनों को एक मंच प्रदान करता है।




चित्र 3.28 आदि महोत्सव की झलक

जनजातीय संस्कृति के इस भव्य महोत्सव में, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) योजना के दृष्टिकोण एवं उद्देश्य (मिशन) को प्रदर्शित करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया। ईएमआरएस जनजातीय कार्य मंत्रालय की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य जनजातीय बच्चों को उनके ही वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। ईएमआरएस योजना के उद्देश्यों एवं देशभर में दी जाने वाली आवासीय शिक्षा के उच्च मानक का उदाहरण देने के लिए, ईएमआरएस के पूर्व विद्यार्थी एवं ईएमआरएस के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकगण एवं प्रधानाचार्यों ने 'आदि महोत्सव' में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त, ईएमआरएस बुनियादी ढांचे का एक प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व, ईएमआरएस सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए, महोत्सव में प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। इस चित्रण में पूरे देश में ईएमआरएस के विस्तार एवं जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं आवासीय सुविधाएं प्रदान करने की एनईएसटी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है।

आदि महोत्सव ने जनजातीय समुदायों की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का उत्सव मनाते हुए ईएमआरएस योजना की सफलता एवं प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए एनईएसटीएस को एक प्रतिष्ठित मंच प्रदान किया।




चित्र 3.29  आदि महोत्सव ईएमआरएस में पूर्व विद्यार्थियों एवं ईएमआरएस के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों एवं प्रधानाचार्यों की झलक

**19. उद्यान उत्सव के अंर्तगत ईएमआरएस विद्यार्थियों का राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान एवं राष्ट्रपति संग्रहालय का विशेष भ्रमणः**

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने, राष्ट्रपति भवन के समन्वय से, 15 फरवरी 2023 को राजस्थान, उत्तराखंड एवं नागालैंड के 600 ईएमआरएस विद्यार्थियों के लिए अविस्मरणीय यात्रा का आयोजन किया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यान उत्सव 2023, के अंतर्गत राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान एवं राष्ट्रपति संग्रहालय का भ्रमण करना था क्योंकि वे हमारे देश के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान को उद्यान उत्सव के दौरान 31 जनवरी से 31 मार्च 2023 तक सामान्य जनता के लिए खोला गया था।



चित्र 3.30  ईएमआरएस विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, राष्ट्रपति संग्रहालय में उद्यान उत्सव में विशेष दौरे की झलक

राष्ट्रपति भवन में भ्रमण के दौरान, विद्यार्थियों को माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला एवं उन्होंने माननीय राष्ट्रपति महोदया को स्मृति चिन्ह के रूप में उपहार भेंट किए। विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन का भ्रमण करने एवं भारत के राष्ट्रपति के साथ बातचीत करने के अवसर पर अत्यधिक खुशी एवं उत्साह व्यक्त किया, जो कि एक ऐसा अनुभव हैं, जो निस्संदेह उनकी यादों में अंकित रहेगा।





चित्र 3.31 ईएमआरएस विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, राष्ट्रपति संग्रहालय के विशेष दौरे की झलक

इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों को लाल किला, राष्ट्रीय प्राणी उद्यान एवं राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र जैसे अन्य प्रमुख स्थलों का भ्रमण करने का भी मौका मिला। इसके अलावा, उन्होंने मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 16 फरवरी से 27 फरवरी, 2023 तक आयोजित आदि महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस भ्रमण ने न केवल ईएमआरएस विद्यार्थियों को एक उल्लेखनीय शैक्षिक अनुभव प्रदान किया बल्कि उन्हें हमारे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रुबरु होने का अवसर मिला।



चित्र 3.32 राष्ट्रपति को स्मृति चिन्ह के रूप में उपहार भेंट करते हुए

**20. ईएमआरएस विद्यार्थियों के लिए मूल्य शिक्षा (वैल्यू एजुकेशन) ओलंपियाडः**

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने ईएमआरएस विद्यार्थियों के लिए एक व्यापक 'मूल्य आधारित शिक्षा कार्यक्रम' को लागू करने के लिए इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (ISKCON), जिसे श्री श्री राधा राधिकारमण–कृष्ण बलराम मंदिर एवं वैदिक शैक्षिक केंद्र के रूप में जाना जाता है, के साथ सहयोग से किया है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच बुनियादी मूल्यों एवं नैतिकता को स्थापित करना है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय मूल्य शिक्षा ओलंपियाड, पाठ्यक्रम सामग्री एवं रिकॉर्ड किए गए सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को वैश्विक पर्यावरण संकट के प्रति संवेदनशील बनाना एवं पुस्तकों का वितरण शामिल है।

16 जनवरी 2023 को हुए अंतर्राष्ट्रीय मूल्य शिक्षा ओलंपियाड को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम एवं भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से मान्यता प्राप्त हैं। ओलंपियाड के शीर्ष तीन विजेताओं को पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार एवं यूएनईपी एफएफई पहल द्वारा मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्रों से सम्मानित किया गया।




चित्र 3.33 'मूल्य आधारित शिक्षा कार्यक्रम' में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों की झलक

यह मूल्य–आधारित शिक्षा कार्यक्रम सात राज्यों क्रमशः छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य ईएमआरएस विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य प्रदान करके एवं पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देकर समग्र विकास को

बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) एवं इंटरनेशनल समिति फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (ISKCON) विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं नैतिक व्यक्ति बनने के लिए आवश्यक उपकरण एवं ज्ञान प्रदान करने का प्रयास करते हैं।

**21. 1मिलियन फॉर 1 बिलियन (1M1B):**

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने शिक्षकों को ऑगमेंटेड रियलिटी (ए.आर.) एवं वर्चुअल रियलिटी (वी.आर.) प्रौद्योगिकियों पर अनुभव प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र से मान्यता प्राप्त संगठन 1 मिलियन फॉर 1 बिलियन (1एम1बी) के साथ सहयोग स्थापित किया है। यह प्रशिक्षण पहल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा शुरू किए गए एआर–वीआर (ए.आर.वी.आर.) कौशल पाठ्यक्रम के साथ संरेखित है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुसार अनुभवात्मक एवं गतिविधि–आधारित शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करती है।

कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य एआर–वीआर (ए.आर.-वी.आर.) के क्षेत्र में ईएमआरएस शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाना है व उन्हें अपने विद्यार्थियों को इन भविष्यवादी दक्षताओं को प्रदान करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल प्रदान करना है।





चित्र 3.34 एआर–वीआर के क्षेत्र में ईएमआरएस शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाने के लिए आयोजित सत्र की झलक

यह पहल शुरू में प्रशिक्षण पद्धति एवं पाठ्यक्रम के परीक्षण एवं सुधार के इरादे से राजस्थान एवं उत्तराखंड राज्यों से चुने गए 15 ईएमआरएस में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आरम्भ की गई थी।



चित्र 3.35 ईएमआरएस में एक पायलट प्रोजेक्ट आयोजित सत्र की झलक

**तालिका 3.3 चरण–I के कार्यान्वयन के लिए नामांकित ईएमआरएस की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | स्कूल |
|---|---|---|
| 1 | राजस्थान | ईएमआरएस बिहारीपुरा |
| 2 | राजस्थान | ईएमआरएस गोगुन्दा |
| 3 | राजस्थान | ईएमआरएस हनोतिया |
| 4 | राजस्थान | ईएमआरएस खेरवाड़ा |
| 5 | राजस्थान | ईएमआरएस कोटरा |
| 6 | राजस्थान | ईएमआरएस कुशलगढ़ |
| 7 | राजस्थान | ईएमआरएस मल्लाना |
| 8 | राजस्थान | ईएमआरएस निवाई |
| 9 | राजस्थान | ईएमआरएस पडोला |
| 10 | राजस्थान | ईएमआरएस पाटन |
| 11 | राजस्थान | ईएमआरएस रानोली |
| 12 | राजस्थान | ईएमआरएस सीमलवाड़ा |
| 13 | राजस्थान | ईएमआरएस सुंदरव |
| 14 | राजस्थान | ईएमआरएस तेमरवा |
| 15 | उत्तराखंड़ | ईएमआरएस कालसी |

## 22. गणतंत्र दिवस की झांकी

गणतंत्र दिवस परेड 2023 में जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत झांकी ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना की परिवर्तनकारी पहल का उत्सव मनाया एवं इस विषयगत प्रस्तुति के प्रारूप को एनईएसटीएस के द्वारा डिजाइन एवं प्रदर्शित किया गया।



प्रशस्ति–पत्र

नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड 2023 में ......जनजातीय कार्य मंत्रालय...... द्वारा प्रस्तुत "एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (ई एम आर एस)"...... नामक झांकी को भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों की श्रेणी में ...सर्वोत्तम... पुरस्कार प्रदान किया जाता है।

नई दिल्ली
दिनांक : 26 जनवरी 2023

मु॰प्र॰अ॰ एवं समारोह
रक्षा मंत्रालय

Certificate

The tableau titled "Eklavya Model Residential School (EMRS)" presented by...Ministry of Tribal Affairs...... in the REPUBLIC DAY PARADE 2023 in New Delhi, is awarded the .....Best.........prize amongst Ministries/ Departments of Government of India.

New Delhi
Dated the 26th January 2023

CAO & Ceremonials
Ministry of Defence

चित्र 3.36 गणतंत्र दिवस परेड में ईएमआरएस विद्यार्थी द्वारा प्राप्त प्रशंसा–पत्र

झांकी ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना के सार को सरलता से दर्शाया, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की झांकी में जनजातीय संस्कृति के संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों को सशक्त बनाने में शिक्षा के महत्व को खूबसूरती से दर्शाया गया है। कलम एवं ग्लोब पकड़े हुए लड़की के साथ, धनुष एवं तीर जैसी कलम वाली खुली किताब एवं ज्ञान वृक्ष के प्रक्षेपण के साथ, झांकी ने अकादमिक उत्कृष्टता एवं सांस्कृतिक विरासत दोनों के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। यह जनजातीय विद्यार्थियों के जीवन को बदलने, उनकी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं उन्हें नए क्षितिज जीतने के लिए सशक्त बनाने में ज्ञान की शक्ति का जश्न मनाता है। यह झांकी जीवन को आकार देने एवं सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य के निर्माण में शिक्षा की परिवर्तनकारी शक्ति की याद दिलाती है।




चित्र 3.37 गणतंत्र दिवस परेड में ईएमआरएस विद्यार्थी द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय की झांकी

जनजातीय कारीगरों ने जटिल कलाकृति, पारंपरिक संगीत एवं जनजातीय नृत्य के माध्यम से अपनी असाधारण शिल्प कौशल का प्रदर्शन करते हुए झांकी को सजाया। इसमें एक मनमोहक प्रदर्शन भी दिखाया गया, जो जनजातीय समुदायों के जीवन पर इस पहल के गहरे प्रभाव को उजागर करता है। केंद्रीय मंत्रालयों एवं राज्य सरकार से चुनी गई झांकियों में से, यह झांकी प्रथम पुरस्कार के गौरवशाली प्राप्तकर्ता के रूप में उभरी, जैसा कि निर्णायकों के सम्मानित पैनल द्वारा मूल्यांकन किया गया था।






चित्र 3.38 गणतंत्र दिवस समारोह में परेड में ईएमआरएस द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते हुए की झलक

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना को प्रदर्शित करने वाली जनजातीय कार्य मंत्रालय की झांकी ने न केवल प्रतिष्ठित प्रथम पुरस्कार जीता, बल्कि पूरे भारत में जनजातीय समुदायों के लिए आशा की किरण बन गई। इसने जनजातीय बच्चों को शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने, उन्हें बेड़ियों से मुक्त होकर उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने में सक्षम बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### 23. सीबीएसई द्वारा विद्यालय गुणवत्ता मूल्यांकन एवं आश्वासन (एसक्यूएए) ढांचा

शैक्षिक परिणामों की गुणवत्ता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ सीबीएसई ने एक मानकीकृत ढांचा विकसित किया है जिसे विद्यालय गुणवत्ता मूल्यांकन एवं आश्वासन (एसक्यूएए) फ्रेमवर्क के रूप में जाना जाता है। एसक्यूएए ढांचे में मानकों एवं सर्वोत्तम प्रथाओं का एक सेट शामिल है जो व्यक्तिगत एवं संस्थागत दोनों स्तरों पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों के रूप में कार्य करता है। यह शिक्षार्थियों, नेतृत्वकर्ताओं, प्रबंधन कर्मियों एवं विद्यार्थियों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए समर्पित सभी लोगों के लिए एक मूल्यवान उपकरण के रूप में कार्य करता है।

एसक्यूएए ढांचे का प्राथमिक उद्देश्य मानकीकृत उपकरणों एवं स्व–मूल्यांकन एवं बाहरी मूल्यांकन मानक की प्रक्रिया को नियोजित करके विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुनिश्चित करना है। यह ढाँचा शैक्षणिक संस्थानों को अवधारणा बनाने, इन्हें स्थापित करने में सहायता करता है एवं उभरते सामाजिक–आर्थिक एवं सांस्कृतिक संदर्भों को ध्यान में रखते हुए, अपने संगठनों के भीतर प्रभावी प्रणालियों को लागू करने में सहयोग करता है।

हाल ही में, एनईएसटीएस ने सीबीएसई की मदद से एसक्यूएए ढांचे पर एक उल्लेखनीय ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 12 दिसंबर से 23 दिसंबर, 2022 तक चला एवं इसमें आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं त्रिपुरा के चयनित राज्यों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया।




चित्र 3.39 सीबीएसई द्वारा विद्यालय गुणवत्ता मूल्यांकन एवं आश्वासन (एसक्यूएए) ढांचा पर ऑनलाइन सत्र की झलक

विभिन्न एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रधानाचार्य प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से शामिल थे, जिसका उद्देश्य उन्हें एसक्यूएए ढांचे एवं इसके कार्यान्वयन से परिचित कराना था।

ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके, एनईएसटीएस शैक्षिक नेतृत्वकर्ताओं को उनके संबंधित संस्थानों में एसक्यूएए ढांचे को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आवश्यक ज्ञान एवं कौशल से युक्त करने का प्रयास करता है। यह पहल शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने एवं देशभर में निरंतर सुधार को बढ़ावा देने के लिए एनईएसटीएस की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

**24. परीक्षा पे चर्चा– माननीय प्रधानमंत्री का एक संवादात्मक कार्यक्रम**

प्रत्येक वर्ष, माननीय प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्रालय के तहत विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' नामक एक संवादात्मक सत्र में भाग लेते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करना एवं अधिगम की खुशी का उत्सव मनाना है। शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में, यह अनूठा कार्यक्रम तालकटोरा स्टेडियम नई दिल्ली में हुआ, जहां कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ बातचीत करने का अवसर मिला।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देशभर के सभी एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में प्रदर्शित किया गया। इस उल्लेखनीय आयोजन का हिस्सा बनने के लिए विद्यार्थी, प्रधानाचार्य एवं संकाय सदस्य प्रत्यक्ष एवं आभासी दोनों तरह से एक साथ आए। विभिन्न राज्यों के विद्यालयों ने रिकॉर्ड किए गए वीडियो साझा किए, जिसमें ईएमआरएस के विद्यार्थियों एवं प्रधानाचार्यों ने परीक्षा के तनाव से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के मूल्यवान संकेतों एवं सुझावों को सुनने में गहरी रुचि व्यक्त की।






चित्र 3.40 परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की झलक

यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के लिए प्रत्यक्ष रूप से प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करने एवं परीक्षाओं के दौरान तनाव के प्रबंधन के लिए प्रभावी तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। यह कार्यक्रम आत्मविश्वास पैदा करता है, विद्यार्थियों को प्रेरित करता है एवं परीक्षा एवं शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर, ईएमआरएस विद्यार्थी मूल्यवान मार्गदर्शन को अपनाने एवं अपने समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए अपने उत्साह का प्रदर्शन करते हैं।



चित्र 3.41 परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते हुए ईएमआरएस के विद्यार्थियों की झलक

**25. ईएमआरएस के बारहवीं कक्षा के विज्ञान विद्यार्थियों के जेईई एवं एनईईटी उम्मीदवारों के लिए एक वर्षीय आवासीय विद्यार्थीवृत्ति कार्यक्रमः**

ईएमआरएस के विद्यार्थियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) ने बारहवीं कक्षा के जेईई एवं एनईईटी उम्मीदवारों के लिए "दक्षणा– एक वर्षीय आवासीय विद्यार्थीवृत्ति कार्यक्रम" की दक्षणा की साझेदारी के साथ शुरूआत की है। दक्षणा एक गैर–लाभकारी गैर सरकारी संगठन है जो सरकारी विद्यालयों के वंचित विद्यार्थियों को मुफ्त कोचिंग के

रूप मे विद्यार्थीवृत्ति प्रदान कर रहा है, जिससे विद्यार्थीगण जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा), एनईईटी (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें।

2022–23 शैक्षणिक सत्र के दौरान, संयुक्त दक्षणा विद्यार्थीवृत्ति चयन परीक्षा में ईएमआरएस विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। ईएमआरएस से कुल 61 विद्यार्थियों को आवासीय विद्यार्थीवृत्ति कार्यक्रम के लिए चुने गए, जिनमें से 42 विद्यार्थी वर्तमान में दक्षणा के पुणे वैली परिसर में पाठ्यक्रम का अनुसरण कर रहे हैं।

एनईएसटीएस एवं दक्षणा के बीच यह सहयोग जनजातीय विद्यार्थियों के लिए प्रतिस्पर्धा युक्त समकालीन समय मे अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतीक है, तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण कोचिंग एवं शैक्षिक अवसरों तक पहुंच प्रदान करता है जो पहले उनकी पहुंच से परे थे। इस आवासीय विद्यार्थीवृत्ति कार्यक्रम में भाग लेकर, इन प्रतिभाशाली ईएमआरएस विद्यार्थियों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है, जिससे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों एवं आशाजनक करियर के द्वार खुल रहे हैं। यह पहल जनजातीय विद्यार्थियों को सशक्त बनाने एवं देश में शैक्षिक समानता को बढ़ावा देने के लिए एनईएसटीएस की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# अध्याय 4
# ईएमआरएस—प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस)

## (क) प्रस्तावना

प्रबंधन सूचना प्रणाली को एमआईएस के रूप में जाना जाता है, जो आज के परिवेश में अनिवार्य है। एमआईएस, शिक्षा प्रणाली सहित किसी भी प्रणाली की दैनिक गतिविधियों का मूल्यांकन करने में मदद करता है। बृहत आकड़ों का प्रसंस्करण करने की क्षमता एमआईएस की सबसे अच्छी विशेषता है। ईएमआरएस के विकास के साथ ही प्रबंधन सूचना प्रणाली की आवश्यकता महसूस की गई, जो प्रगति पर नज़र रखने, क्षेत्र की समस्याओं को हल करने और निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक बन सकती है।

देश भर में ईएमआरएस के प्रभावी निगरानी के उद्देश्य से, एनईएसटीएस को निधि की उपलब्धता, निधि हस्तांतरण, स्कूलों के निर्माण, शैक्षणिक गतिविधियों, मानव संसाधन की स्थिति आदि जैसी सूचनाओं की आवश्यकता महसूस की गयी। प्रत्येक स्तर पर निर्णय लेने के लिए समायोचित/कार्योत्तर में नियमित आधार पर एमआईएस में सूचनाओ को एकत्रित किया जा रहा है।

## (ख) ईएमआरएस—एमआईएस की प्रगति

ईएमआरएस—एमआईएस के विकास में त्वरित प्रगति हुई है, प्रगतिवार सारांश निम्नानुसार हैः

1. ईएमआरएस की प्रगति/कार्यान्वन स्थिति को दर्ज करने के लिए विस्तृत दस्तावेज और रिपोटिंग प्रारूपों को ईएमआरएस दिशानिर्देश, एनईएसटीएस के नियमों और उपनियमों, नीति आयोग के स्कूल प्रदर्शन सूचकांक, यूडीआईएसई दस्तावेज आदि के अनुसार विकसित किया गया है।
2. जनजातीय कार्य मंत्रालय के एनईएसटीएस और ईएमआरएस विभाग के मार्गदर्शन में एमआईएस पोर्टल को बाह्य संस्था द्वारा विकसित किया जा रहा है। मॉड्यूल डिजाइनिंग और वेबसाइट विकसित करने हेतू एनईएसटीएस और ईएमआरएस प्रभाग द्वारा बाह्य संस्था को लगातार द्वि—साप्ताहिक बैठको के माध्यम से आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान किया जाता है।
3. मानव संसाधन, विद्यार्थी विवरण, विद्यालय, शैक्षणिक जानकारी, निर्माण, पूर्व विद्यार्थी, कक्षा प्रोन्नति और परिणाम आदि से संबंधित मॉड्यूल विकसित किए जा चुके हैं तथा विद्यालयों द्वारा मॉड्यूल पर जानकारी अपलोड करना शुरू कर दिया गया है।
4. वित्त मॉड्यूल को भी विकसित किया गया है तथा सभी कार्यशील ईएमआरएस एवं राज्य नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया है।
5. निर्माण मॉड्यूल में डाटा प्रविष्टि के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) एवं पीएसयू को तथा अन्य क्रियाशील मॉड्यूल के लिए प्राचार्यों को नियमित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

चित्र 4.1: ईएमआरएस–एमआईएस वेबसाइट और पोर्टल की झलक







emrs.tribal.gov.in/site/student-details
राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
NATIONAL EDUCATION SOCIETY FOR TRIBAL STUDENTS
(An Autonomous organisation under Ministry of Tribal Affairs)
Home
EMRS Dashboard
Construction Dashboard
Contact Us
Resources
MIS
Super Admin
Overview
School
Student
Alumni
Academic
HRM
Construction
Exam
Finance
EMRS Overview
School Details
Student's Details
Human Resource Details
Select State
Select District
Select School
2022-2023
Students by Gender
Boys 55217
Girls 57222
Transgender 4
Students by Social Category
General 216
OBC 1547
SC 1379
ST 109301


emrs.tribal.gov.in/site/dashboard
राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
NATIONAL EDUCATION SOCIETY FOR TRIBAL STUDENTS
(An Autonomous organisation under Ministry of Tribal Affairs)
Home
EMRS Dashboard
Construction Dashboard
Contact Us
Resources
MIS
Super Admin
Overview
School
Student
Alumni
Academic
HRM
Construction
Exam
Finance
Boys
55218
Transgender
4
Human Resource Details
Total Staff
8487
Non-Teaching staff
3299
Teaching staff (Regular)
701
Teaching staff (Others)*
4487
*Note: Others include teaching staff on contractual, outsourced and deputation basis
Disclaimer: The Report are based on consolidation of data received from the states/schools. Hence it cannot be used for any legal purpose.


emrs.tribal.gov.in/school/index
राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
NATIONAL EDUCATION SOCIETY FOR TRIBAL STUDENTS
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)
(An Autonomous organisation under Ministry of Tribal Affairs)
एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय
EKLAVYA MODEL RESIDENTIAL SCHOOL
Azadi Ka Amrit Mahotsav
जनजातीय कार्य मंत्रालय
MINISTRY OF TRIBAL AFFAIRS
Home
EMRS Dashboard
Construction Dashboard
Contact Us
Resources
MIS
Super Admin
Overview
School
School Details
School Finance
Infrastructure
Student
Alumni
Academic
HRM
Construction
Schools
Create School
Showing 1-20 of 401 items.
#
State Name
District Name
School Name
Functional Status
Submission Status
Enable Disable
Actions
1 Andhra Pradesh East Godavari EMRS Addateegala Submitted
2 Andhra Pradesh East Godavari EMRS Chintoor Submitted
3 Andhra Pradesh East Godavari EMRS Maredumilli Submitted
4 Andhra Pradesh East Godavari EMRS Rajavommangi Submitted
5 Andhra Pradesh East Godavari EMRS Rampachodavaram Submitted
https://emrs.tribal.gov.in/school/create
32°C Mostly sunny
1:04 PM
5/26/2023


emrs.tribal.gov.in/student/index
राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति
NATIONAL EDUCATION SOCIETY FOR TRIBAL STUDENTS
(जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान)
(An Autonomous organisation under Ministry of Tribal Affairs)
Home
EMRS Dashboard
Construction Dashboard
Contact Us
Resources
MIS
Super Admin
Overview
School
Student
Student Details
Student Logs
Alumni
Academic
HRM
Construction
Exam
Students
Create Student
Showing 1-20 of 125,016 items.
#
Student Name
School Name
Class
Section
Academic Year
Parents Name
Submission Status
Student Status
Take action
Action
1 Aarati Somnath Bhoye EMRS Ajmer Saundane 12 A 2023-2024 Somnath Bhoye Submitted Active
2 Aabesing Doharya Vasave EMRS Maveshi 10 A 2022-2023 Doharya Vasave Submitted Active
3 Aabha Awasya EMRS Alirajpur 9 B 2023-2024 Hare Singh Awasya Submitted Active
4 Aabha Bhoy EMRS Chharratangarh Gharghoda 7 A 2023-2024 Shyam Lal Bhoy Submitted Active
5 AABHASHREE EMRS Lafa 10 A 2023- MANOJ Submitted Active
32°C Mostly sunny
1:04 PM
5/26/2023




| S. No. | Agency Name | School Name | Physical Progress | Financial Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Odisha -Hindustan Steel Works Construction Limited | EMRS BARIPADA | 6.81% | 0% |
| 2 | Jharkhand-NPCC(HQ) | EMRS KHUNTI | 5.63% | 0% |
| 3 | Jharkhand-NPCC(HQ) | EMRS DUMARIA | 3.48% | 0% |
| 4 | Chhattisgarh -WAPCOS | EMRS MANPUR (TD) | 9.44% | 0% |
| 5 | Andhra Pradesh - ENGINEERING PROJECTS INDIA LIMITED(HQ) | EMRS ARAKU VALLEY | 12.22% | 0% |
| 6 | Jharkhand-BRIDGE AND ROOF CO. (INDIA) LTD. | EMRS MASALIYA | 6.41% | 0% |




| S. No. | State | District | Block | Village | Name of EMRS | Agency Type | Agency Name | Land Area(In Acre) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Chhattisgarh | Balrampur | KUSMI | Bulsikala | EMRS KUSMI | PSU | Chhattisgarh -WAPCOS | 19.51 |
| 2 | Chhattisgarh | Balrampur | WADRAFNAGAR | WADRAFNAGAR | EMRS WADRAFNAGAR | PSU | Chhattisgarh -WAPCOS | 15.26 |

6. कार्यशील विद्यालयों और निर्माण मॉड्यूल डैशबोर्ड को सार्वजनिक डैशबोर्ड के साथ प्रदर्शित किया गया है।

7. राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की नियमित रूप से निगरानी की जाती है एवं कार्यशील मॉड्यूल में जानकारी अपलोड करने हेतु विद्यालयों को निर्देशित किया गया है। अभी तक विद्यालयों द्वारा निम्नलिखित डाटा अपलोड किया गया हैः—

- **मानव संसाधन मॉड्यूलः** 5,200 से अधिक शिक्षण कर्मचारियों और 3300 गैर—शिक्षण कर्मचारियों का डाटा, नियुक्ति पत्रों एवं अन्य विवरणों के साथ अपलोड किया गया है।
- लगभग 399 विद्यालयों द्वारा एमआईएस पर जानकारी अपलोड करना शुरू कर दिया है।
- **छात्र मॉड्यूलः** अभी तक 1.25 लाख से अधिक विद्यार्थियों की प्रोफाइल अपलोड की जा चुकी हैं, जिनमें से 1.12 लाख से अधिक का नामांकन शैक्षणिक वर्ष 2022—23 के लिए है।
- **निर्माण मॉड्यूलः** सभी निर्माण एजेंसियों को मॉड्यूल पर पंजीकृत किया गया एवं उन्हें आबंटित ईएमआरएस परियोजनाओं को भी एमआईएस में दर्ज करने के लिए निर्देश दिया गया है। 350 परियोजनाओं का भूमि विवरण, 180 एमएलपी और 119 डीपीआर अपलोड किये गये हैं। निर्माण एजेंसियों ने सम्बंधित परियोजनाओं की भौतिक प्रगति अपलोड करना शुरू कर दिया है।

# अध्याय 5

## भवन निर्माण





## 5.1 पृष्ठभूमि

आदिवासी बच्चों को उनके ही परिवेश में पोषित करने के दृष्टिकोण के साथ, 50% से अधिक अनुसूचित जनजाति आबादी और कम से कम 20,000 आदिवासी व्यक्तियों (जनगणना 2011 के अनुसार) वाले प्रत्येक विकास खण्ड में एक एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की परिकल्पना की गई है। इस परिवर्तनकारी प्रयास में, बुनियादी ढांचा सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शिक्षा तक पहुंच प्रदान करता है और बच्चों के सीखने के लिए अनुकूल वातावरण बनाता है। इसे देखते हुए, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचे के साथ ईएमआरएस के निर्माण के लिए 15 एकड़ भूमि का प्रावधान किया गया है। विद्यार्थियों के बीच बेहतर शिक्षा, शारारिक दक्षता, समावेशिता, सुरक्षा और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए, ईएमआरएस को अत्याधुनिक कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल सुविधाओं (इनडोर और आउटडोर), स्वच्छ और पीने के पानी की सुविधा से सुसज्जित किया जाएगा एवं प्रधानाचार्य और कार्मिकों के लिए प्रशासनिक सुविधाएं और दिव्यांगजन–अनुकूल बुनियादी ढांचा सुनिश्चित किया जाएगा। विद्यार्थियों और कर्मचारियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करना, छात्रावास की सुविधाएं, रसोई और भोजन कक्ष और शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों के लिए आवास आदि भी ईएमआरएस परिसर का हिस्सा होंगे।

वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग ने ईएफसी की सिफारिश के अनुसार ईएमआरएस के लिए संशोधित पूंजी लागत मानदंडों को मंजूरी दे दी है, जो मैदानी क्षेत्रों के लिए 37.80 करोड़ रुपये और पूर्वोत्तर, पहाड़ी और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्रों के लिए 48 करोड़ रुपये प्रति ईएमआरएस है।

## 5.2 परिचय

जनजातीय कार्य मंत्रालय के तहत एनईएसटीएस, देश भर में 740 ईएमआरएस स्थापित कर रहा है, जिनमें से 288 ईएमआरएस को अनुच्छेद 275 (1) के तहत मंजूरी दी गई थी और 452 को नवीन योजना के तहत प्रस्तावित किया गया है। ईएमआरएस के विकास और विस्तार की दिशा में पहले कदम के रूप में, राज्य सरकारें उपयुक्त एवं सभी बाधाओं से मुक्त निःशुल्क भूमि प्रदान करती हैं।



नीचे दिए गए सारांश के अनुसार सभी चिन्हित विकास खण्डों में निर्माण कार्य सीपीडब्ल्यूडी, केंद्र सरकार/राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों और राज्य सरकारों को सौंपा गया है:

**तालिका 5.1 सौंपे गए निर्माण कार्य का सारांश**

| क्र.सं. | निर्माण एजेंसी | निर्माण के लिए आवंटित विद्यालयों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम | 369 |
| 2 | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग | 40 |
| 3 | राज्य सरकार | 43 |
| | **कुल** | **452** |

ईएमआरएस के निर्माण के लिए मानदंड/आवश्यक विशेषताएं जिनमें मानक क्षेत्र, योजना, ऊंचाई, इमारतों के खंड, मॉडल लेआउट आदि शामिल हैं, को एनईएसटीएस निर्माण विंग, सीपीडब्ल्यूडी और नवोदय विद्यालय समिति के इंजीनियरिंग सेल के साथ व्यापक चर्चा के आधार पर मानकीकृत किया गया था।

**तालिका 5.2 निर्माण घटकों के लिए मानक क्षेत्र आवश्यकताएँ**

| क्र.सं. | भाग | मानक क्षेत्र (वर्ग मीटर में) |
|---|---|---|
| 1 | विद्यालय भवन (जी+1) | 2580 |
| 2 | बालक छात्रावास (जी+1) और वार्डन निवास | 2280 +80 |
| 3 | बालिका छात्रावास (जी+1) और वार्डन निवास | 2280 +80 |
| 4 | रसोई एवं भोजन कक्ष | 550 |
| 5 | प्रधानाचार्य आवास | 130 |
| 6 | टाइप III आवास (जी+2) – 15 आवास | 1200 |
| 7 | टाइप II आवास (जी+2) – 10 आवास | 700 |
| 8 | अतिथि गृह | 80 |
| 9 | जल भण्डारण 1 लाख लीटर | 80 |
| | **कुल** | **10040** |

हाल के वर्षों में ईएमआरएस की महत्वपूर्ण वृद्धि और विकास के साथ, निर्माण गतिविधियों की निगरानी और पर्यवेक्षण का कार्य व्यापक पैमाने पर बढ़ गया है। एनईएसटीएस के तकनीकी शाखा को समायोजित करने के लिए वर्तमान कार्यालय के निकट एक अतिरिक्त कार्य स्थान स्थापित किया गया है। इस नए अतिरिक्त कार्य स्थल का उद्घाटन श्री असित गोपाल, आयुक्त, एनईएसटीएस के द्वारा 30.11.2022 को किया गया।



चित्र 5.1: आयुक्त, एनईएसटीएस द्वारा अतिरिक्त कार्यालय–स्थल का उद्घाटन

## 5.3 समग्र प्रगति

**तालिका 5.3 वित्तीय वर्ष–2022–23 के दौरान हुई समग्र प्रगति**

| | स्कूल स्वीकृत | निर्माण पूरा हुआ | निर्माण कार्य प्रारंभ/प्रगति पर है | निर्माण कार्य अपेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष 2021-22 | 681 | 214 | 210 | 257 |
| वर्ष 2022-23 | 690 | 258 | 232 | 200 |

